हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 30 जुलाई 2025




तापमान

अधिकतम 27.8 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री



पुराना बस स्टैण्ड करबला जाने वाली रोड पर पाइप लाइन फूटने से सड़क पर बहता रहा पानी।

## खबर संक्षेप

### नौरोजाबाद व रूपोंद में रूकेगी भोपाल एक्सप्रेस



**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने बिलासपुर से भोपाल के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का मंडल के नौरोजाबाद एवं रूपोंद स्टेशन में स्टापेज 30 जुलाई बुधवार से देने का आदेश दिया है। 29 जुलाई को बिलासपुर से चलने वाली 18236 बिलासपुर से भोपाल के बीच चलने वाली एक्सप्रेस नौरोजाबाद स्टेशन 2.53 बजकर 2.55 बजे तक, रूपोंद स्टेशन में 3.41 से 3.43 बजे तक और वापसी में 30 जुलाई को भोपाल से चलने वाली 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रूपोंद स्टेशन में 20.32 बजे से 20.34 बजे तक और नौरोजाबाद स्टेशन में 21.35 से 21.37 बजे तक स्टापेज दी जाएगी।

### मौसम ने ली अंगड़ाई हल्की बारिश जारी



**बिलासपुर।** बारिश से मिली दो दिन की राहत के बाद मंगलवार को एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो चुका है। मंगलवार की सुबह 10 बजे के आसपास आसमान पर काले बादल मंडराने लगे और दोपहर बाद हुई बुंदाबांदी के बाद शाम होते होते कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश होती रही। इससे तापमान भी घट गया। वहीं मौसम विभाग ने जिले में मध्यम बारिश का अलर्ट जारी कर दिया है। मंगलवार को मौसम ने एक बार फिर अंगड़ाई ली और बारिश होने लगी। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किमी ऊंचाई पर विस्तारित है। वहीं श्री गंगा नगर से दिल्ली, मध्यप्रदेश में निम्न दबाव का क्षेत्र और डाल्टनगंज, जमशेदपुर, दीघा से पश्चिम बंगाल के बीच द्रोणिका बनी हुई है। इसका प्रभाव देखने को मिल रहा है, प्रदेश के कई जिलों में एक साथ बारिश हो रही है। मंगलवार को बिलासपुर का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### तहसीलों में तालेबंदी भटकते रहे पक्षकार



**बिलासपुर।** सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले मंगलवार को संभाग स्तरीय धरना-प्रदर्शन किया गया, जिसमें संभाग के 160 तहसीलदार शामिल हुए। तहसीलदारों के प्रदर्शन के चलते बीते दो दिनों से तहसील कार्यालयों में तालेबंदी है, जिससे अपने कार्यों को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे पक्षकारों को परेशान होना पड़ रहा है। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। इस दौरान संभाग स्तरीय प्रदर्शन किया गया, जिसमें आठ जिलों के करीब 160 लोग शामिल हुए। संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जी आर चन्द्रा एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र दवे ने मंच में आकर छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक संघ की 17 सूत्रीय मांग का समर्थन किया साथ ही शासन से मांग पूरी करने का आह्वान भी किया गया। ओम प्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि 30 जुलाई को प्रदेश स्तरीय धरना रायपुर में प्रदर्शन किया जाएगा।

# बड़ा घोटाला : जो आर्किटेक्ट है ही नहीं उसके नाम पर 10 सालों में 400 से ज्यादा नक्शे पास कर दिए, निगम ने सस्पेंड भी कर दिया

- विकास नाम का कोई इंजीनियर है या नहीं इस पर संदेह
- निगम की भवन शाखा से मिलीभगत और बिना पड़ताल ओके रिपोर्ट दी
- निगम के कर्मचारी भी नहीं जानते कौन है विकास सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

नगर निगम ने पिछले 10 सालों में 400 से अधिक नक्शे उस आर्किटेक्ट के नाम पर पास कर दिए जो कि आर्किटेक्ट है ही नहीं। यही नहीं निगम ने इस विकास सिंह को आर्किटेक्ट बताकर निलंबित भी कर दिया है। जबकि निगम की ही लिस्ट में वह सिर्फ इंजीनियर के रूप में दर्ज है। साफ है पिछले 10 सालों में निगम की भवन शाखा ने इसमें पूरी मिलीभगत निभाई और बिना आर्किटेक्ट लाइसेंस और पूरी पड़ताल के ताबड़तोड़ नक्शे पास किए गए। यह भी जानकारी मिल रही है कि विकास सिंह नाम का कोई इंजीनियर है ही नहीं, दस्तावेजों की पड़ताल किए बिना निगम की लिस्ट में उसे शामिल कर लिया गया है। आर्किटेक्ट एसोसिएशन ने इस बारे में निगम कमिश्नर से मुलाकात की है और बताया कि इंजीनियर और आर्किटेक्ट की परिभाषा अलग है।

ज्ञात हो कि शहर में अवैध निर्माण पर नगर निगम बिलासपुर ने कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रोजेक्ट के इंजीनियर को आर्किटेक्ट बताते हुए विकास सिंह का लाइसेंस सस्पेंड कर एक साल के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया है। बिना अनुमति एवं नियम विरुद्ध अवैध निर्माण पर जिम्मेदारी तय करते हुए पहली बार यह कार्रवाई की गई। अब जानकारी सामने आ रही है कि विकास सिंह आर्किटेक्ट है ही नहीं। यह भी ध्यान रहे कि रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट द्वारा नक्शा तैयार करने एवं भवन निर्माण के सुपरविजन करने का शपथ पत्र दिया जाता है जबकि विकास सिंह जो कि इंजीनियर है वह नगर निगम बिलासपुर से लायसेंस क्रमांक 234 के माध्यम से पंजीकृत है।




### सहमति और शपथ पत्र भी पेश किया

विकास सिंह ने ऑनलाइन प्रपोजल 11209 के माध्यम से महक आहूजा की ऑनलाइन भवन अनुज्ञा का प्रकरण प्रस्तुत किया था। उसने अपने आपको आर्किटेक्ट बताया और उक्तानुसार भवन निर्माण का सुपरविजन करने के संबंध में सहमति एवं शपथपत्र प्रस्तुत किया था। सुपरविजन करने का शपथ पत्र देने के बावजूद स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण किया गया। इसके बाद उसका लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले नगर निगम की ओर से विकास सिंह 26 जून 2025 और 16 जुलाई 2025 को दो बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन इसका कोई जवाब नहीं दिया। आखिरकार निगम ने लाइसेंस सस्पेंड कर एक साल के ब्लैक लिस्ट कर दिया। इस दौरान उनके द्वारा कोई भी प्रस्ताव या नक्शा निगम द्वारा स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

### आर्किटेक्ट पात्रता सूची में भी शामिल नहीं आर्किटेक्ट

एसोसिएशन ने इस बारे में निगम कमिश्नर अमित कुमार से मुलाकात भी की है और बताया कि इंजीनियर और आर्किटेक्ट की परिभाषा अलग है। एसोसिएशन के सदस्यों के मुताबिक आर्किटेक्ट वही हो सकता है जो कि वास्तु अधिनियम 1972 के अधीन पंजीकृत हो। संघ के मुताबिक काउंसिल आफ आर्किटेक्ट में पंजीकृत आर्किटेक्ट को किसी भी स्थानीय निकाय में अलग से पंजीकरण करवाने की कोई बाध्यता नहीं है। संघ ने यह भी कहा है कि जिन भी लोगों को निलंबित किया गया या नोटिस जारी किया गया है ,वे काउंसिल आफ आर्किटेक्ट में पंजीकृत ही नहीं है और ना ही नगर निगम द्वारा अनुमोदित "आर्किटेक्ट पात्रता सूची" में शामिल हैं।

### जीआईएस मैपिंग, ड्रोन सर्वे और बिल्डिंग मैप लागू हो

संघ का कहना है कि आर्किटेक्ट का कार्य मुख्यतः डिजाइन, ड्राइंग और प्रस्ताव स्वीकृति तक सीमित होता है। यदि वे सुपरविजन हेतु नियुक्त हों, तो उनकी जिम्मेदारी केवल तकनीकी दोषों की निगरानी तक सीमित रहनी चाहिए। निर्माण कार्य को रोकने की न तो कानूनी शक्ति होती है, ना ही प्रशासनिक अधिकार। संघ ने मांग की है कि सुपरविजन और पूर्णता प्रमाण पत्र की वैधानिक व्यवस्था लागू हो। साथ ही स्पष्ट किया जाना चाहिए कि किस स्थिति में आर्किटेक्ट जिम्मेदार होंगे, और किस परिस्थिति में नहीं। डिजिटल मैपिंग सिस्टम को भी अनिवार्य बनाए जाने की मांग की गई है। प्रत्येक निर्माण की निगरानी के लिए जीआईएस मैपिंग, ड्रोन सर्वे और बिल्डिंग मैप को लागू किया जाना चाहिए। इस मुलाकात में आर्किटेक्ट संघ की ओर से नीना असीम अध्यक्ष आईआईए, देबाशीष घटक, श्याम शुक्ला, निर्मल अग्रवाल, अखिलेंद्र जैन, हेमंत जीवनानी, मुरतजा वनक, अंजलि अग्रवाल, सोमेश वर्मा, स्वाति साहू, रजनीत वर्मा, अर्पित मिश्रा, ऋषभ तिवारी, कुमार मंगलम, दीपेश डामा, कृति मोहन और विपुल देशपांडे शामिल थे।

### कई घोटाले आएंगे सामने

जिस विकास सिंह का नाम चर्चा में आया है उसका रिकॉर्ड देखकर नगर निगम का अमला भी हतप्रभ है। एक बहुचर्चित कर्मचारी की इसमें मिलीभगत है जो विकास सिंह के नाम पर लगातार आवेदन करता रहा है। नगर निगम के कर्मचारी भी नहीं जानते कि विकास सिंह है कौन। 2015 से लेकर 2025 तक सैकड़ों आवेदन विकास सिंह के नाम पर जमा हुए। यदि उनकी जांच होगी तो पता नहीं कितने घोटाले सामने आ सकते हैं, अब चुनौती नगर निगम की है कि वह किस विकास सिंह को सामने लाते हैं।

### मांगों पर विचार किया जा रहा

आर्किटेक्ट एसोसिएशन ने मुलाकात की है। उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। विकास सिंह निगम के रिकार्ड में इंजीनियर के रूप में दर्ज है। उसे बुलाया गया है। 2015 के बाद से अभी तक 4 बार उसके लाइसेंस का रिनीवल भी किया गया है।

**- अमित कुमार,** निगम कमिश्नर

### दो पक्के मकान भी तोड़े गए





## खमतराई, बिरकोना,सकरी में एक साथ की कार्रवाई

# अवैध प्लाटिंग पर प्रहार, साढ़े 26 एकड़ के 8 प्लाट पर चला निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- रोड, नाला और बाउंड्रीवाल ध्वस्त, 40 डंपर मलबा जब्त

शहर में हो रही अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम ने एक तरह से प्रहार किया है। एक साथ शहर के 8 अवैध प्लॉटिंग पर बड़ी कार्रवाई की गई है। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर निगम की टीम ने सुबह एक साथ यह कार्रवाई शुरू कि जो देर शाम तक जारी रही। शहर के अलग-अलग हिस्सों में संचालित कुल साढ़े छब्बीस एकड़ के अवैध प्लाटिंग पर एक साथ कार्रवाई में निगम ने 7 बुलडोजर और 8 डंपर का उपयोग किया। कार्रवाई के तहत अवैध प्लॉट में बनाए गए बाउंड्रीवाल,रोड और नाला को तोड़ दिया गया है तो कंस्ट्रक्शन मटेरियल को जब्त कर लिया गया है। इस दौरान 40 डंपर मलबा भी जब्त किया गया है।

दरअसल, कृषि भूमि पर शहर के भू माफियाओं की नजर है, जो इन जमीनों की खरीदी-बिक्री कर टुकड़ों में प्लाटिंग कर रहे हैं। जबकि, कॉलोनी बनाने के लिए नगर निगम के साथ ही टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और राजस्व विभाग की सहमति जरूरी है। लेकिन, भू माफिया नियमों को दरकिनार कर राजस्व अफसरों के साथ मिलकर अवैध प्लाटिंग कर टुकड़ों में जमीन बेच रहे हैं। सस्ते दाम और भविष्य में तेजी का लालच देकर दलाल खेती की जमीन को टुकड़ों में बेच रहे हैं। निगम के मुताबिक कुल साढ़े छब्बीस एकड़ भूमि पर आज कार्रवाई की गई। उपरोक्त लोगो के द्वारा बिना ले-आउट अनुमोदन के लगभग भूमि को छोटे-छोटे भूखण्डो में विभक्त कर अवैध प्लाटिंग किया गया था। जिसमें मुरूम एवं सीसी सड़क नाली और प्रीकास्ट बाऊण्ड्रीवाल बना लिया गया था। निगम आयुक्त अमित कुमार के मुताबिक इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जो भी जमीन मालिक कच्ची प्लाटिंग कर रहे हैं सभी को नोटिस भी जारी किया गया है।

### यहां हुई कार्रवाई

- नगर निगम सीमांतर्गत जोन क्रमांक 7 के खमतराई और बिरकोना मार्ग में संचालित अवैध प्लाटिंग जिसमें शिवा विहार नितेश यादव, खसरा नंबर 421/17,ललिता देवी शर्मा खसरा नंबर 391/12,ललिता देवी शर्मा खसरा नंबर 391/5, बत्तीसा देवी विश्वकर्मा खसरा नंबर 309/12, कुसुमलता बैसवाड़े खसरा नंबर 309/10,मनहरण दास मानिकपुरी खसरा नंबर 377 में कारवाई की गई
- इसी तरह बिरकोना रोड में दुलौरिन धुरी के खसरा नंबर 559/77, 559/79, 559/81, 559/83, 559/85, राधेश्याम धुरी खसरा नंबर 559/2,ज,झ,ञ, और क। बिरकोना रोड में मारूति विहार में दीपांशु श्रीवास खसरा नंबर 559/1, 559/1 द,559/ 102, 559/88, मो.इकराम खसरा नंबर 559/1 द,559/116
- इसी तरह श्रीराम पुरम कालोनी में गिरधारी लाल खसरा नंबर 9/3, बंशीधर पटेल खसरा नंबर 9/1, घनश्याम पटेल खसरा नंबर 8/2 पर कार्रवाई की गई है। इन सभी 6 स्थानों पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम ने प्लॉट में निर्मित सड़क, बाउंड्रीवाल और नाले को तोड़ दिया गया है। इसके अलावा शिवा विहार में दो मकानों को भी तोड़ा गया है।
- जोन क्रमांक 1 सकरी के अमेरी क्षेत्र में खसरा नंबर 12/02 सुनील कुमार नागदेव एवं 12/04 आनंद साहू द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही थी जिसे ध्वस्त कर दिया गया है। यहां 40 डिसमिल जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी।

### घुरू में 6 जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक

इसके साथ ही अवैध प्लाटिंग कर शहर की खूबसूरती पर दाग लगाने वाले घुरू में 6 जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाई गई है। निगम ने बिलासपुर और तखतपुर के उप पंजीयक को पत्र लिखा है। इन भू स्वामियों द्वारा बिना व्यपवर्तन, बिना ले आउट प्लान के जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है। निगम के मुताबिक घुरू की जिन जमीनों पर रोक लगाने के लिए पत्र जारी किया गया है उसमें सकरी तहतील स्थित भूमि खसरा क्रमांक 302/5, 311/2, 241/1, 305/4, 592/166, 607/41 के क्षेत्रफल क्रमशः 0.0314, 0.0943, 0.0545, 0.1694, 0.0637, 0.641 हेक्टेयर, भूमि शामिल हैं। इन जमीनों के स्वरूप को परिवर्तित कर बिना सक्षम प्राधिकारी के स्वीकृति प्राप्त किए अवैध कालोनी / प्लाटिंग का निर्माण छोटे-छोटे भू-खण्ड़ों में विभाजित कर विक्रय बेचा जा रहा है।

# सीयू में सीएसआईटी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर बर्खास्त

- कार्यपरिषद में निर्णय के बाद आदेश जारी
- पिछले कई महिनों से चल रहे थे निलंबित

बिलासपुर। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नालाजी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गिरीश कुमार सिंह को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। गिरीश कुमार पिछले कुछ महिनों से निलंबित चल रहे थे और उनके खिलाफ जांच रिपोर्ट पर कार्यपरिषद में निर्णय के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उन्हें सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में डॉ. गिरिश कुमार सिंह की नियुक्ति अक्टूबर 2022 में हुई थी और वे कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नालाजी डिपार्टमेंट सीएसआईटी में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। खबर है कि प्रो. गिरीश कुमार की सीएसआईटी के विभागाध्यक्ष से ठीक तरह से जम नहीं रही थी। नवंबर 2024 में प्रो. गिरिश कुमार अपने विभागाध्यक्ष को जाने के सप्ताहभर पहले अवकाश का आवेदन देकर सागर यूनिवर्सिटी एक सेमिनार में शामिल होने चले गए थे। लेकिन उनका अवकाश का आवेदन विभाग में ही पड़ा रहा और अवकाश स्वीकृति के बिना ही प्रो. गिरिश कुमार सागर यूनिवर्सिटी के लिए रवाना हो गए। इसी बीच प्रो. गिरिश कुमार को कुलपति आफिस से फोन आया और बिना अवकाश स्वीकृति नहीं होने पर तत्काल वापस आने कहा गया। इसके बाद प्रो. गिरिश कुमार वहां से सेंट्रल यूनिवर्सिटी वापस लौट आए। इसी बात को लेकर उनके सीएसआईटी के विभागाध्यक्ष से बहसबाजी भी हो गई थी। इसके बाद 14 नवंबर 2024 को प्रो. गिरिश को यूनिवर्सिटी की ओर नोटिस दिया गया और जवाब मांगा गया, जिसपर प्रो. गिरिश ने भी यूनिवर्सिटी को पत्र लिखकर आरोप के संबंध में दस्तावेज मांगे और बाद में अपना जवाब भी यूनिवर्सिटी को भेज दिया। दिसंबर 2024 में यूनिवर्सिटी ने उन्हें निलंबित कर दिया था।

### इसी महिने पेश हुई जांच रिपोर्ट

यूनिवर्सिटी प्रशासन ने एसोसिएट प्रोफेसर गिरीश कुमार सिंह के मामले में जांच के निर्देश दिए थे और जांच का जिम्मा प्रो. अश्वनी दीक्षित को दिया गया। जांच अधिकारी द्वारा प्रो. गिरीश को जिन बिन्दुओं पर चार्जशीट दिया गया था उन बिन्दुओं पर जांच किया। इसके बाद इसी जुलाई महिना में जांच रिपोर्ट यूनिवर्सिटी को सौंपी गई। यह जांच रिपोर्ट 23 जुलाई को यूनिवर्सिटी में कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल के अध्यक्षता में हुई कार्यपरिषद की बैठक में रखा गया, जिसपर चर्चा के बाद विभागीय जांच के बाद कदाचार के आरोप में गिरीश कुमार को सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया। कार्यपरिषद के निर्णय पश्चात यूनिवर्सिटी प्रशासन ने प्रो. गिरीश कुमार का बर्खास्तगी आदेश भी जारी कर दिया है।

### ये है प्रो. गिरीश का पक्ष

सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा बर्खास्त किए गए एसोसिएट प्रोफेसर गिरीश कुमार सिंह का इस पूरे मामले में कहना है कि यूनिवर्सिटी की ओर से उनसे सुदामा योजना के लिए आधे महिने का वेतन मांगा गया था, जिससे उन्होंने इनकार करते हुए केवल एक दिन का वेतन देने सहमत हुए थे। तभी से यूनिवर्सिटी प्रशासन के लोग उनसे नाराज चल रहे थे। उनका कहना है कि वे अवकाश पर जाने से सात दिनों पहले आवेदन दिए थे जिसे पांच दिनों तक एचओडी ही अपने पास रखें रहें। इसी महिना उनके खिलाफ जांच रिपोर्ट आई है जिसमें उन्हें क्रास एक्जामिन का अवसर का नहीं दिया गया है। उन्हें बर्खास्त किए जाने के पहले सेंट्रल यूनिवर्सिटी एक्ट के अनुसार तीन पहले नोटिस और वेतन देना था, उसका भी पालन नहीं किया गया है।

### चार्जशीट के बाद जांच हुई

डिपार्टमेंट के डॉ. गिरीश कुमार को सेवा से बर्खास्त किया गया है। उनके खिलाफ चार्जशीट जारी हुआ था और जांच भी हुई है। यह पूरा मामला यूनिवर्सिटी प्रशासन का है और यूनिवर्सिटी प्रशासन से ही इस संबंध में जानकारी मिल पाएगी।

**- प्रो. रत्नेश श्रीवास्तव**
विभागाध्यक्ष, सीएसआईटी

### मुझे जानकारी नहीं

कार्य परिषद की बैठक में सीएसआईटी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर गिरीश कुमार सिंह का मामला रखा गया था और बैठक के निर्णय के बाद उन्हें सेवा से बर्खास्त करने का आदेश हुआ है। इस मामले में मुझे इससे ज्यादा जानकारी नहीं है।

**- प्रो. एमएन त्रिपाठी**
मीडिया प्रभारी, सीयू

## सिविल सर्जन का मौखिक आदेश मानकर नहीं दी जा रही रिपोर्ट

# जिला अस्पताल में एक्स-रे फिल्म नहीं, मोबाइल पर देखिए..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में इलाज और जांच फ्री है, लेकिन फ्री की जांच होने के बाद रिपोर्ट नहीं देना का आदेश प्रबंधन ने मौखिक तौर पर जारी किया है। जिला अस्पताल में हड्डी का इलाज कराने जाने वाले मरीजों को एक्सरे फिल्म नहीं दी जा रही है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मोबाइल में फोटो खींच लेने की बात कही जाती है। दूर-दराज से आने वाले गरीब मरीजों के लिए यह व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था का मुंह चिढ़ा रही है। जिला अस्पताल में गजब की भर्राशाही हावी है। लाखों रूपए का फंड और जीवन दीप समिति से संचालित होने के वाले अस्पताल में मरीजों को एक्सरे फिल्म और रिपोर्ट तक नहीं मिल रही है। दरअसल सिविल सर्जन ने मौखिक आदेश देकर मरीजों को एक्सरे फिल्म देने से मना कर दिया है। अस्पताल में आर्थोपेडिक इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों के लिए यह विडंबना ही है कि वे अस्पताल में डाक्टरों से इलाज की आस में पहुंचते है और प्रबंधन उनका उपहास कर रही है। जिन मरीजों के पास स्मार्ट मोबाइल है, उन्हें कम्प्यूटर से एक्सरे फिल्म का मोबाइल से फोटो खिंचने कर डाक्टर को दिखाने की बात कही जाती है, कई बार क्लिक गलत होने पर दोबारा भी यही ढर्रा जारी रहता है। यहां तक तो ठीक है लेकिन दूर दराज से आने वाले बुजुर्ग और गरीब तबके के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, उन्हें जबरिया घंटों खड़ा किया जाता है। कई बार तो वापस जाने के लिए भी कह दिया जाता है। ऐसे में जिला अस्पताल में फ्री में इलाज और जांच का दावा मरीजों के साथ मजाक से कम नहीं है।



### सीनियर गायब जूनियर के भरोसे

जिला अस्पताल में सिनियर डाक्टर प्रतिदिन मोबाइल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर गायब हो जाते है। ओपीडी खुलती है और वहां जूनियर डाक्टर ही मरीजों का इलाज करते है। इस दौरान सिनियर डाक्टरों के बारे में पुछने पर जूनियर डाक्टर अगले दिन आने के बात कहकर मरीजों को खदेड़ देते है। यह हाल रोज का है। बताया जा रहा है कि ज्यादातर डाक्टर शासन द्वारा दिए गए एप में हाजिरी दर्ज करा, अस्पताल से गायब हो जाते है। प्रबंधन को इसकी जानकारी भी है लेकिन कार्रवाई नहीं की जाती है।

### फिजियोथैरेपी के लिए जदोजहद

जूनियर डाक्टर मोबाइल में एक्सरे फिल्म की छवि देखकर अंदाजा लगाकर मरीजों को फिजियो थैरेपी की नसीहत देते है। इसके बाद फिजियो थैरेपी कक्ष में भी जदोजहद कम नहीं होती है। इसकी व्यवस्था मातृ एवं शिशु अस्पताल के किनारे पर बने कक्ष में की गई है। ऐसे में पुरानी बिल्डिंग में डाक्टर से संपर्क कर मरीजों को लंगड़ाते हुए फिजियो थैरेपिस्ट के पास जाना पड़ता है। संविदा तौर पर काम कर रहे फिजियोथैरेपिस्ट कक्ष में मौजूद नहीं होते है। जिससे मरीज दर्द से परेशान होने को मजबूर होता है। विटामिन डी 3 की दवा की सप्लाई नहीं हो रही है, जिसके चलते डाक्टर द्वारा उसे बाहर से खरीदने के लिए कह रहे है।

### फिल्म की कोई कमी नहीं

कई बार मरीज जबरिया एक्सरे रिपोर्ट लिखवा देते है इसलिए मरीजों को मोबाइल पर फिल्म देने के लिए कहा गया है, डाक्टर उसमें देखकर निर्णय लेते है कि मरीज को फिल्म देना है या नहीं। फिल्म की कोई कमी नहीं है।

**- डॉ अनिल गुप्ता**
सिविल सर्जन
जिला अस्पताल

## ख़बर संक्षेप

### रामाराव बनाए गए छत्तीसगढ़ प्रदेश तेलुगु महासंघ के मुख्य संरक्षक



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर में तेलुगु संस्कृति के संरक्षण संवर्धन और तेलुगु समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्री रामा राव को सर्व तेलुगु समाज छत्तीसगढ़ का प्रदेश मुख्य संरक्षक बनाया गया है। रविवार को बिलासपुर में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान इसकी घोषणा की गई। श्री राव के तेलुगु समाज के प्रति योगदान को देखते हुए इस विषय पर प्रदेश के सभी जिले के तेलुगु समाज पदाधिकारियों से चर्चा और रायशुमारी की गई। सम्मान समारोह के दौरान प्रदेश तेलुगु समाज के सचिव बी तुलसीदास ने यह प्रस्ताव रखा। जिसका अनुमोदन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आर मुरली ने रामा राव को छत्तीसगढ़ प्रदेश तेलुगु महासंघ का पैट्रन घोषित करते हुए शाल पहना कर उनकी नियुक्ति की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने भी रामा राव को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### सीएमडी कालेज में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन



**बिलासपुर।** सीएमडी कालेज में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ आजाद पैनल के अंतर्गत छात्रों ने मंगलवार को नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों की भीड़ नारेबाजी करते हुए प्राचार्य कक्ष पहुंची जहां प्राचार्य के नहीं होने पर नाराज छात्रों ने उनकी कुर्सी पर लापता का स्टीकर चिपका दिया। सीएमडी कालेज में विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों का कहना है कि कालेज में लगातार कुछ वर्षो से मनमानी फीस बढ़ोतरी जारी है। फीस देने में छात्रों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जो बाहर से पढ़ने आते हैं उन्हें और परेशानी हो रही है। छात्रों ने कालेज में असुविधा गिनाते हुए कहा कि स्थाई एवं अनुभवी शिक्षकों की कमी है। कंप्यूटर विभाग व लैबों में पुराने सामानों को बदला जाए। कालेज में कई वर्षो से बंद पड़े जिस को खुलवाया जाए तथा कैंपस में वाई-फाई की कमी को दूर किया जाए। कालेज के कैंटीन में महंगे दामों पर सामनों को बेचा जाता है और कालेज बंद होने के बाद कैंटीन खुला रहता है। इन सब मुद्दों को लेकर छात्रों ने पहले कालेज कैंपस में विरोध प्रदर्शन किया, उसके बाद नारेबाजी करते हुए प्राचार्य कक्ष पहुंचे, जहां प्राचार्य संजय सिंह नहीं थे। इस पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने प्राचार्य के कुर्सी पर लापता का स्टीकर चिपका दिया और कालेज प्रबंधन को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है। इस विरोध प्रदर्शन में हरीश कलशा, नमन रात्रे, अश्विन विश्वकर्मा, केशव, चंदू, गुरमीत, जसवंत, किशन वर्मा, गुलशन, लोकेश, यमन, हिमांशु राठौर आदि मौजूद थे।

### नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक



**बिलासपुर।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की सामान्य सभा की प्रथम बैठक आयोजित की गई। इसमें जनभागीदारी अध्यक्ष कमला पुरुषोत्तम पटेल, सदस्य लक्ष्मीनारायण मिश्रा, अलका चौबे, अभिभावक सदस्य डॉ अशोक तिवारी, नीरज मेहता, संदीप खुदशाह, वेदप्रकाश पटेल उपस्थित रहे। बैठक का संचालन प्रभारी प्राध्यापक डॉ मनीष कुमार दीवान ने की। बैठक में आय - व्यय प्रस्तुति, समिति के पंजीयन, महाविद्यालय के लिए भूमि आबंटन, संगीत उपकरण संबंधी आवश्यकता पर चर्चा की गई। जनभागीदारी अध्यक्ष कमला पुरुषोत्तम पटेल ने कहा कि यह महाविद्यालय संगीत एवं कला के क्षेत्र में संभाग का एकमात्र शासकीय महाविद्यालय है। इस कॉलेज की स्थापना नगर के आसपास स्थित एरिया में ही हो इसके लिए स्थानीय सांसद और विधायक से संपर्क कर महाविद्यालय के भूमि आबंटन के लिए पुरजोर प्रयास करना होगा। सभी सदस्यों ने इसमें सहयोग देने सहमति प्रदान किया। यह जानकारी रवि शर्मा ने दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ चन्दना मित्रा ने आभार ज्ञापित किया।

### आल इण्डिया बुद्धिष्ट फोरम बौद्ध महासभा ने निकाली रैली



**बिलासपुर।** आल इण्डिया बुद्धिष्ट फोरम छग भारतीय बौद्ध महासभा बिलासपुर छग बौद्ध समाज डॉ आम्बेडकर युवा मंच महिला सशक्तिकरण संघ के संयुक्त तत्वावधान में धरना प्रदर्शन जीडीसी कॉलेज के पास आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि चमन हुमने एवं राजश्री हुमने ने किया। महारैली कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश हुमने ने की। जिलाधीश के माध्यम से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से बौद्ध समाज बिलासपुर द्वारा बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति को निरस्त कर बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति में पूर्ण रूपेण केवल बौद्ध लोगों को सम्मिलित करने की मांग की गई। ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर यस यस दुबे को प्रतिनिधि मंडल के राजेश हुमने, महेश चंद्रिकापुरे, कमलेश लाहोतरे, सरोज हुमने, सुजाता वाहने, श्वेता गेडाम, चेतना तम्हाने वंदना भागे, राजेश नायक, बसंत ओडकार ने ज्ञापन सौंपा।कार्यक्रम को कमलेश लाहोत्रे, कुणाण रामटेके, मनोज बौद्ध, राजेश नायक, विरेन्द्र नागवंशी, अमृतदास डहरिया, विमल रंगारी, सपना गजभिये, दीपक वाहने, सुजाता वाहने संबोधित किया। इस अवसर पर रत्नमाला कोटांगले, पार्वती साखरे, प्रेरणा उके, रितू वाहने, अनिता उके, संध्या सहारे, प्रियंका साखरे, सीमा साखरे, जया बंसोड़, कान्ता बंसोड़, लक्ष्मी बडोले, सुनीता बडोले, सरस्वती खोब्रागड़े, शांताबाई नंदेश्वर, दम्यन्ता जाम्बुलकर, अंजना जाम्बुलकर, रसीला नंदेश्वर, नीलू नंदेश्वर, विनोद बौद्ध, राजकुमार नंदेश्वर, जितेन्द्र भावे आदि मौजूद थे।

**सीयू यूजी पाठ्यक्रम** | पिछले साल से 13 हजार 709 अधिक रजिस्ट्रेशन

# प्रवेश के लिए रिकार्डतोड़ 32 हजार 292 स्टूडेंट्स ने कराया रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नैक से ए-डबल प्लस ग्रेड प्राप्त करने वाले गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक स्तर में प्रवेश के लिए रिकॉर्डतोड़ 32 हजार 292 स्टूडेंट्स ने पंजीयन कराया है। पिछले सत्र 2024-25 में 18 हजार 583 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिससे इस बार 13 हजार 709 अधिक स्टूडेंटस ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी नित नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। अध्ययन-अध्यापन के लिए समुचित सुविधाओं के साथ हरित परिसर देश के श्रेष्ठ उच्च शिक्षण केन्द्रों में से एक है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सत्र 2025-26 के लिए 26 स्नातक कार्यक्रम तथा 01 डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए 32292 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया है। इसमें कला स्नातक ऑनर्स मानव विज्ञान में 349, कला स्नातक ऑनर्स अर्थशास्त्र में 679, कला स्नातक ऑनर्स हिंदी में 180, कला स्नातक ऑनर्स इतिहास में 672, कला स्नातक ऑनर्स पत्रकारिता एवं जनसंचार में 607, कला स्नातक ऑनर्स राजनीति विज्ञान में 851, कला स्नातक ऑनर्स अंग्रेजी में 831, बीबीए में 1245, वाणिज्य स्नातक ऑनर्स वाणिज्य में 1098, बीसीए में 1295, बीए एलएलबी में 2531, बीकॉम एलएलबी में 1050, फार्मेसी स्नातक में 2580, विज्ञान स्नातक ऑनर्स मानव विज्ञान में 864, विज्ञान स्नातक ऑनर्स जैव प्रौद्योगिकी में 4271, विज्ञान स्नातक ऑनर्स वनस्पति विज्ञान में 1892, विज्ञान स्नातक ऑनर्स रसायन विज्ञान में 1395, विज्ञान स्नातक ऑनर्स कंप्यूटर विज्ञान में 259, विज्ञान स्नातक ऑनर्स इलेक्ट्रॉनिक्स में 324, विज्ञान स्नातक विज्ञान ऑनर्स भौतिकी में 807, विज्ञान स्नातक ऑनर्स फोरेंसिक विज्ञान में 2584, विज्ञान स्नातक ऑनर्स वानिकी में 1225, विज्ञान स्नातक ऑनर्स गणित में 829, विज्ञान स्नातक ऑनर्स ग्रामीण प्रौद्योगिकी में 464, विज्ञान स्नातक ऑनर्स प्राणी विज्ञान में 2621, समाज कार्य स्नातक समाज कार्य में 291, एवं डिप्लोमा फार्मेसी में 498 शामिल हैं। सत्र 2025-26 के लिए 32292 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 13709 ज्यादा पंजीयन है।



सत्र 2024-25 के लिए 18583 विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए पंजीयन किया था। सत्र 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश के लिए पंजीयन कराने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत 70 से ज्यादा है।

गढ़कलेवा से जोनल रेलवे स्टेशन में ओपन किया जाएगा स्टॉल, लोगों को मिलेगा रोजगार

# जोन का पहला स्टेशन बिलासपुर जहां छत्तीसगढ़ी व्यंजन का मिलेगा स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के बिलासपुर रेलवे स्टेशन गढ़कलेवा के नाम से स्टॉल ओपन किया जा रहा है, जहां प्रदेश के साथ बाहर से आने-जाने वाले यात्रियों को छत्तीसगढ़ व्यंजन का स्वाद चखने को मिलेगा।

रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। इन सभी यात्रियों के खान-पान के लिए रेल प्रशासन ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर जहां स्टॉल, जनआहार, फूड स्टॉल की सुविधा प्रदान की है। वहीं लंबी दूरी की ट्रेनों में एक अलग से पेंट्रीकार भी लगाया गया है, ताकि बीच सफर के दौरान यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। हजारों की संख्या में सफर करने वाले यात्री अलग-अलग प्रदेश और जाति के रहते हैं, जिन्हें कई बार दूसरे प्रदेशों के खान-पान का स्वाद नहीं भाता है। रेलवे बोर्ड ने पहले सभी प्रदेश स्तर पर चलने और स्टापेज होने वाली ट्रेनों के यात्रियों के लिए प्रदेश में बनने वाले व्यंजनों की बिक्री करने का आदेश दिया था, लेकिन यह आदेश केवल कागजों तक ही सीमित रह गया। इसके उपरांत वन नेशन वन प्रोजेक्ट के तहत लोकल स्तर को बढ़ावा देने के लिए स्टॉल ओपन किए गए, जहां के सामानों की खरीददारी करने में यात्रियों ने कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। अब रेल प्रशासन ने स्थानीय और लोकल स्तर के व्यंजनों और बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए गढ़कलेवा के नाम से स्टॉल ओपन करने का निर्णय ले लिया है। गढ़कलेवा छत्तीसगढ़ प्रदेश में एक लोकप्रिय पारंपरिक भोजन केन्द्र है, जो छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को परोसता है। इस गढ़कलेवा को ओपन करने का निर्णय लेने के साथ एक स्टॉल खोलने के लिए प्लेटफार्म नम्बर एक पर जगह भी चिन्हांकित कर ली गई है, जहां प्रदेश के साथ बाहर के यात्रियों को छत्तीसगढ़ के व्यंजन का स्वाद मिल सकेगा।




### महिलाओं को रोजगार

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार जोनल रेलवे स्टेशन के बिलासपुर में पहला गढ़कलेवा ओपन किया जाएगा। यह कई महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करता है। गढ़कलेवा छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इसमें ग्रामीण परिवेश जैसा वातावरण है जो लोगों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जोड़ता है।

### ये व्यंजन मिलेंगे

बिलासपुर स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को गढ़कलेवा में छत्तीसगढ़ व्यंजन मिलेंगे। इसमें चावल के आटे से बनी रोटी यानि चौसेला, मूंग या अन्य दाल से बना व्यंजन हथफोड़वा, गुड़ और चावल के आटे से बनी मिठाई ऐरसा, चावल और दाल के आटे से बनी नमकीन टिक्की धुसका, दूध में बनी मीठी डिश दूध फरा, मीठा व्यंजन गुड़ से बना पीढ़िया, चावल या गेहूं के आटे से बनी टिक्की मुठहिया, चावल और दही से बनी मिठाई देहरौरी, मीठी स्नैक पपची, गुड़ चना दाल के साथ बना पूरन लड्डू, कारी लड्डू, अंगाकर रोटी, बफोरी, गुलगुला, खाजा, ठेठरी, साबूदाना बड़ा, फरा, चीला, मूंग बड़ा, मीठे में अरसा, खुरमी, पूरन लड्डू, पीड़िया, पपची आदि शामिल है।

### जल्द ही होगा ओपन

गढ़कलेवा छत्तीसगढ़ व्यंजन है, जिसे प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा यात्री पसंद करते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए गढ़कलेवा का स्टॉल जल्द ही बिलासपुर स्टेशन मे ओपन किया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर बेरोजगारों का भी रोजगार मिलेगा।

**-अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## जिला भाजपा ग्रामीण में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति

**बिलासपुर।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव व प्रदेश महामंत्री पवन साय एवं बिलासपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल के अनुमोदन से जिला पदाधिकारियों की नई नियुक्ति हुई है। इसमें भाजपा के जिला मीडिया प्रमुख प्रणव शर्मा को पार्टी संगठन में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। प्रणव को जिला भाजपा बिलासपुर ग्रामीण संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है।



■ प्रणव व निखिल को मिली जिम्मेदारी

भारतीय जनता पार्टी में हाल ही में बिलासपुर शहर से अलग कर गठित किए गए जिला ग्रामीण भाजपा के संगठनात्मक विस्तार किया गया है। प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी जगदीश रामू रोहरा के हस्ताक्षर से विधानसभा बेलतरा, मस्तूरी और कोंटा क्षेत्र से कुल 17 पदाधिकारियों की नई सूची जारी की गई है। इसमें जातीय संतुलन के साथ-साथ महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व देने पर विशेष जोर दिया गया है। जिन जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई है उसमें जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल सहित उपाध्यक्ष श्रीमती नागेश्वरी साहू, अवधेश अग्रवाल, राज्यवर्धन कौशिक, तिरिथराम यादव, राजेश कश्यप, श्रीमती शैल भोई उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसी तरह एस कुमार मनहर एवं निखिल केशरवानी को महामंत्री नियुक्त किया गया है तथा प्रणव शर्मा समेत राजकुमार साहू, श्रीमती सरोजनी भारद्वाज, श्रीमती धरमशिला ध्रुव, श्रीमती कुंती मेहर को मंत्री नियुक्त किया गया। इसी तरह राजेन्द्र अग्रहरि कोषाध्यक्ष एवं महराज सिंह नायक कार्यलय मंत्री बनाए गए हैं। जिला भाजपा ग्रामीण में मंत्री नियुक्त किए गए प्रणव शर्मा की पहचान एक सक्रिय और रणनीतिक कार्यकर्ता के रूप में रही है।

## एजुकेशन प्लस

### जैन इंटर नेशनल स्कूल में छात्रों ने ली शपथ



**बिलासपुर।** द जैन इंटर नेशनल स्कूल में 26 जुलाई को छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदित्यकुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, एसईसीआर बिलासपुर थे। मुख्य अतिथि के साथ विद्यालय की निदेशक अनीता अग्रवाल, मैनेजिंग ट्रस्टी अशोक अग्रवाल तथा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. एस. राजपूत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. एस. राजपूत ने विद्यालय में छात्र परिषद के गठन के महत्व और उद्देश्य को स्पष्ट किया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैज पहनाकर शपथ दिलाई। इसमें विद्यालय हेडबॉय विजय एड़के, हेडगर्ल – भाविका देवागंन, कैप्टन उमेश केशरवानी, वाइस कैप्टन आफ़रीन जायसवाल, स्काउट कैप्टन प्रियांशु सोनी, स्पोर्ट्स कैप्टन अंशुक्लेयर, ग्रीन हाउस कैप्टन – आयुष जायसवाल, ग्रीन हाउस वाइस कैप्टन मयंक मित्तल, रेड हाउस कैप्टन युक्ता जायसवाल, रेड हाउस वाइस कैप्टन भावना मिश्रा, यलो हाउस कैप्टन लोकेश प्लेसिस, यलो हाउस वाइस कैप्टन अन्नया मित्तल, ब्लू हाउस कैप्टन अराध्या कोशले, ब्लू हाउस वाइस कैप्टन जतिन फ्लेक्स शामिल रहे। जिन्हें बैज देकर उन्हें उनके उत्तरदायित्व सौंपे गए। मुख्य अतिथि ने नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को अनुशासन और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक अनीता अग्रवाल ने छात्रों को नियमों के पालन और नेतृत्व की भावना के साथ जिम्मेदारी निभाने की सीख दी।विद्यालय के मैनेजिंग ट्रस्टी अशोक अग्रवाल ने छात्र संघ के पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके जीवन में उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता और सहभागिता बढ़ाने उददेश्यों पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन रितुजैन, माही और अर्जुन ने किया।धन्यवाद ज्ञापन यू. शंकर झा ने किया।

## कांग्रेस में बदले जाएंगे निष्क्रिय पदाधिकारी

**बिलासपुर।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान चल रहा है, जिसके तहत फिलहाल मंडल व सेक्टर कमेटियों का पुनर्गठन होना है और उनके जो पदाधिकारी निष्क्रिय है उन्हें बदला जाएगा। मंडल व सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन को लेकर मंगलवार को जिले के प्रभारी विधायक उमेश पटेल ने कांग्रेस भवन में बैठक ली।



कांग्रेस भवन की बैठक में जिले के प्रभारी विधायक उमेश पटेल ने कहा कि संगठन सृजन के तहत पूरे प्रदेश में मंडल व सेक्टर कमेटियों का पुनर्गठन किया जाएगा। ऐसे पदाधिकारी जो निष्क्रिय है उन्हें बदला जाएगा। एक व्यक्ति एक पद का फार्मूला तय हुआ है जिसमें 50 प्रतिशत एससी-एसटी, ओबीसी और महिलाओं को शामिल करना है। 50 प्रतिशत युवाओं को भी मौका दिया जाएगा तथा गठन में भौगोलिक स्थिति का ध्यान रखा जाएगा। सीनियर कांग्रेसजन जिला बॉडी में एडजस्ट किए जाएंगे। इसी तरह ऐसे महिलाओं को आगे लाना है जो राजनीति में काम करना चाह रहे हैं जो अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय है। विधायक पटेल ने कहा कि उदयपुर संकल्प शिविर में पारित प्रस्ताव के अंतर्गत मंडल व सेक्टर का गठन किया जाएगा। हम ईमानदारी से मंडल, सेक्टर का गठन करते है तो एक मजबूत संगठन बनेगा जो आगामी चुनाव के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, संगठन पदाधिकारियों से समन्वय बिठाकर कमेटी बनाई जाए। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि मंडल और सेक्टर कमेटी बनने के बाद बूथ, सेक्टर, मंडल, ब्लॉक फिर जिला बॉडी का एक मजबूत संगठन स्ट्रक्चर बनेगा, जिनमें सभी सदस्य की कार्यक्षमता के अनुरूप जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठक में जिला प्रभारी उमेश पटेल, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, बैजनाथ चन्द्राकर, श्रीमती रश्मि सिंह, राजेन्द्र शुक्ला, रामशरण यादव, प्रमोद नायक, नरेन्द्र बोलर, शेख नजरूद्दीन, नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, पंकज सिंह, सिद्धांशु मिश्रा, जितेन्द्र पांडेय, विवेक बाजपेयी, राकेश शर्मा, महेश दुबे, ऋषि पांडेय, जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला, सुभाष ठाकुर, अखिलेश गुप्ता, शैलेन्द्र जायसवाल आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## दिव्यांग बच्चों को मेगा कैंप में बांटे गए किट



**बिलासपुर।** समग्र शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए संचालित समावेशी शिक्षा के तहत राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पांचवें वर्षगाठ पर विकासखंड स्तर पर आयोजित शिविरों में अनुपस्थित बच्चों को पुनः अवसर देने आंकलन सह सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन 29 जुलाई को पं. देवकीनंदन दीक्षित कन्या उ.मा. विद्यालय बिलासपुर में किया गया। इस कैंप में शहरी स्त्रेत केन्द्र, बिल्हा (ग्रामीण), कोटा, मस्तूरी एवं तखतपुर विकासखंड के 39 अस्थि बाधित, 25 श्रवण बाधित, 34 दृष्टि बाधित एवं 28 बौद्धिक निःशक्त बच्चे शामिल हुए। उपस्थित बच्चों को आवश्यक सहायक उपकरण यथा सी.पी. चेयर, व्हील चेयर, बैसाखी, वाकर, श्रवण यंत्र, लो विजन किट, ब्रेल किट, आक्यूपेसनल किट, एमआर किट, एडीएल किट आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मेयर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक संजय अग्रवाल, आयुक्त नगर निगम अमित कुमार, सहायक कलेक्टर अरविन्दम, मु.का.पालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी विजय टाण्डे , ओम पाण्डेय, रामेश्वर जायसवाल, डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ. मुकेश पाण्डेय, वासुदेव पाण्डेय, देवी चंद्राकर, प्रमोद शुक्ला एवं सीमा त्रिपाठी आदि मौजूद थे। शिविरों को सफल बनाने वाले डॉ. कतलम, डॉ. ए.एस खान, डॉ. अलखनंदा, डॉ. पंकज साहू, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. सी.पी. करन एवं नीरज शुक्ला, अराधना शर्मा, पूर्णिमा खोब्रागढे, सुदीप जांगड़े, श्यामनारायण पाण्डेय, गोविन्द बांधे एवं विनिता सिंह को कलेक्टर ने सम्मानित किया।

### शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में प्रवेश प्रारंभ

**बिलासपुर।** पंजाबी कालोनी दयालबंद स्थित शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में प्रवेश प्रारंभ है। स्कूल में नए सत्र में कक्षा नर्सरी से 12वीं (विज्ञान, वाणिज्य) हिन्दी माध्यम व अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश दिया जा रहा है। विद्यालय में योग्य अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की एक टीम है। संस्था से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं ने मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं देश-राज्य के विभिन्न प्रशासनिक पदों पर सेवारत है। यह स्कूल छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर से मान्यता प्राप्त है। विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक गणित, बायो, कॉमर्स एवं आर्टस जैसे सकाय की पढ़ाई कराई जाती है। स्कूल के छात्र ओलंपियाड में इस वर्ष 6 गोल्ड मेडल, 5 सिल्वर मेडल एवं 6 ब्रोन्ज मेडल प्राप्त किया है। छात्रों द्वारा स्वदेशी मेला, व्यापार मेला में नृत्य प्रस्तुती की गई। स्कूल में विभिन्न सास्कृतिक गतिविधियों जैसे फैन्सी ड्रेस, राधा-कृष्ण, मटकी फोड, गणेश पूजा, क्ले मेकिंग, सरस्वती पूजा, राखी बनाओ, विज्ञान मेला, आनन्द मेला के साथ वार्षिकउत्सव का आयोजन किया जाता है। बोर्ड परीक्षा परिणाम कक्षा 10वीं में 80% 12वीं में 88% रहा वर्तमान में स्कूल के छात्र-छात्राए इंजीनियरिंग एवं मेडिकल में चयन हुआ है। संस्था के छात्र-छात्राओं को विभिन्न स्पर्धा के लिए 3 हाउस में विभाजित किया जाता है, जिससे एक दूसरे के साथ स्पर्धा में अपने व्यक्तित्व को उभार सके।



दस से बढ़कर 14 हो गई बाघों की संख्या

# बांधवगढ़ और कान्हा के टाइगर ने बढ़ाई एटीआर की संख्या

**बिलासपुर।** बांधवगढ़ और कान्हा टाइगर रिजर्व के टाइगरों को अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में विचरण करना काफी भा रहा है, जिसके कारण वे भटकते एटीआर में पहुंच गए हैं। इससे अब अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में टाइगर की संख्या भी 10 से बढ़कर 14 के करीब हो चुकी है।

ग्लोबल टाइगर डे के अवसर पर डब्लूडब्लूएफ इंडिया ने एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट रिकवरिंग स्ट्राइप्स अचानकमार टाइगर रिजर्व, छत्तीसगढ़ में बाघों और उनके शिकार की जनसंख्या स्थिति जारी की। यह रिपोर्ट डब्लूडब्लूएफ इंडिया और छत्तीसगढ़ वन विभाग की हाल ही में किए गए जनसंख्या आकलन पर आधारित है, जिसमें अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार सामने आया है। इस अध्ययन के अनुसार अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या जो कई वर्षो तक केवल पांच बनी हुई थी। अब लगातार बढ़ने लगी है। वर्ष 2023 दिसम्बर माह में किए गए कैमरे ट्रैप सर्वेक्षण में करीब दस बाघ दर्ज किए गए थे, जिनमें से कुछ पास के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और कान्हा टाइगर रिजर्व से विस्थापित होकर आए थे, उनके पग मार्क के अनुसार दूसरे टाइगर रिजर्व के होने की पहचान की गई। इससे टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। इसमें पांच नर टाइगर, पांच मादा टाइगर और चार शावक शामिल हैं। बांधवगढ़ से एटीआर में आई टाइग्रेस अब तक चार शावकों को जन्म दे चुकी है। यह रिपोर्ट बाघों की जनसंख्या, प्रवृत्तियों, शिकार की उपलब्धता और आवासीय संपर्क कारीडोर का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करती है। मध्य भारत में स्थित अचानकमार टाइगर रिजर्व, छत्तीसगढ़ के तीन प्रमुख टाइगर रिजर्व में एक है। यह कान्हा दक्षिण पश्चिम, बांधवगढ़ उत्तर पश्चिम के साथ महत्वपूर्ण वन्यजीव गलियारों के माध्म से जुड़ा है। एटीआर का मध्यप्रदेश के संरक्षित क्षेत्रों से जुड़ा रहना और अन्य बाघ क्षेत्रीय वनों से इसका संपर्क ही इस सकारात्मक बदलाव की कुंजी रहा है।



प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव सुधीर कुमार अग्रवाल ने कहा कि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अचनाकमार में बाघ संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया इस दिशा में तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव मनोज कुमार पांडे, डिप्टी डायरेक्टर गणेश यू आर, सहायक संचालक कोर संजय लूथर, बफर के सहायक संचालक मानवेंद्र सिंह, मुख्य परिचालन अधिकारी करन भल्ला सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### संजय दत्त का चुटटू ने मनाया जन्मदिन

**बिलासपुर।** फिल्म अभिनेता संजय दत्त का आज उनके फैन चुट्टू अवस्थी ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। इस उपलक्ष्य में खरसिया विधायक एवं पूर्व मंत्री उमेश पटेल, विवेक बाजपेई (चीका), रवि ठाकुर, प्रचल चौबे ने चुटटू अवस्थी को बधाई दी। इसके बाद मध्यनगरी चौक में संजय दत्त का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। जिसमें उनके मित्र विनय शर्मा, टाटा महाराज, मनीष अग्रवाल, युगल शर्मा, धीरज वाजपेई, शहजादी कुरैशी, राजेश शुक्ला, नारायण तावड़कर, कमलकांत तिवारी,तारेंद्र महाराज, शिवा मिश्रा, नीरज वर्मा, मोनी गुप्ता, बिल्लू वर्मा, कैलाश सोनी, सुनील मिश्रा, राज शर्मा, पिंटू सोनी, जय शर्मा, देवेश दुबे, राजन सिंह, लालू भैया, राकेश रजक, शुभम रजक, गब्बर, विजय वर्मा , कोमल शर्मा, देवांश अवस्थी, मोहन अवस्थी, प्रांजल तिवारी, करना सिंह, तनय अग्रवाल, देवांश मोदी , अनीश सिंह ठाकुर, निखिल शुक्ला एवं कंपनी गार्डन ग्रुप के सभी सदस्य मौजूद थे।



हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 30 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



स्पर्धा

## डीपीएस बिलासपुर में 'राखी बनाओ' प्रतियोगिता




**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में 'राखी बनाओ' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे धागों, मोती और अन्य सजावटी सामग्री का उपयोग करके आकर्षक राखियाँ तैयार कीं। कुछ छात्रों ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाते हुए पुराने कपड़ों और प्राकृतिक सामग्री से भी राखियाँ बनाईं। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह मथ ने सभी प्रतिभागियों की कला की प्रशंसा करते हुए कहा, यह प्रतियोगिता न केवल बच्चों की कलात्मक क्षमता को निखारती है, बल्कि भाई-बहन के पवित्र बंधन का महत्व भी सिखाती है। इस अवसर पर स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती ने सभी प्रतिभागियों को बधाइयां दी। प्रतियोगिता के निर्णायकों की भूमिका में माया शर्मा एवं रिचा मेहरोत्रा मैम ने निभाई। कार्यक्रम संयोजिका बॉबी मथाई रहीं।

शिविर

## आर्ट ऑफ़ लिविंग : युवाओं ने सीखी नेतृत्व कला की तकनीक



**बिलासपुर।** आर्ट ऑफ़ लिविंग के ज्ञान क्षेत्र आश्रम पेंडारी सकरी में आयोजित आठ दिवसीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इसमें राज्य भर से आए 35 युवाओं ने नेतृत्व कौशल, आत्म-विकास और सामाजिक परिवर्तन की तकनीकें सीखीं। प्रतिभागियों ने माना कि अब वे न केवल आत्मविश्वास से लैस हैं, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी चुनौतियों का मुस्कुराते हुए सामना करने के लिए तैयार हैं। इस कार्यशाला में युवाओं को नेतृत्व कौशल, समय प्रबंधन, योग, ध्यान और सार्वजनिक भाषण कला का प्रशिक्षण दिया गया। साधना, सेवा और संकल्प के माध्यम से युवाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने पर ज़ोर दिया गया। प्रशिक्षक प्रीतपाल सिंह, कमल किशोर कश्यप, महेश पंद्राम और गौरी प्रजापति ने व्यवहारिक सत्रों के माध्यम से युवाओं को उनकी सामाजिक ज़िम्मेदारी का एहसास कराया। ग्रामीण विकास पर गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर का संदेश भी साझा किया गया। अंत में सभी युवाओं ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया और अपने गांव के युवाओं को इससे बाहर निकालने का वादा किया। समापन सत्र में दिव्य सत्संग का आयोजन किया गया।

आयोजन

## वरिष्ठों की समस्या निदान के लिए प्रदेश में आयोग गठन की मांग



**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ की मंगलवार को मासिक बैठक आयोजित की गई। इसमें राघवेन्द्रधर दीवान की पत्रिका मासिक बुलेटिन का विमोचन एवं नवप्रवेशी सदस्यों व जन्म दिन वालों का स्वागत किया गया। सीपी देवरस ने कहा कि वरिष्ठों की समस्या निदान के लिए प्रदेश में आयोग का गठन होना चाहिए। बैठक के आरंभ में अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने स्वागत उद्बोधन दिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश देवरस, मुंगेली के धनेश सोलंकी सचिव एवं देवेन्द्र शर्मा कोषाध्यक्ष का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया। सीपी देवरस ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्गों का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। सचिव श्री सोलंकी ने कहा कि युवा वर्ग व वरिष्ठजनों के मध्य पीढी के अंतर संस्कार के विषय में चर्चा करना आज की आवश्यकता है। कोषाध्यक्ष श्री शर्मा ने प्रांतीय कान्फीडेरेशन में सभी जिलों के वरिष्ठों का योगदान जरूरी बताया। कार्यक्रम का संचालन सत्यभामा अवस्थी एवं आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष डीपी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डॉ सुधाकर बीबे, सुरेन्द्र शर्मा, प्रभात मिश्रा, घनसिंह ठाकुर, सुरेश शर्मा, डॉ चन्द्रा, वायडी दीवान, आरके गेंदले, यूपी त्रिपाठी व अन्य मौजूद थे।

कार्यक्रम

## राष्ट्र सेवा के साथ मानवता सेवा में भी आगे सीआरपीएफ के जवान



**बिलासपुर।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 87वें स्थापना दिवस तथा समूह केन्द्र के 21वें स्थापना दिवस के अवसर पर समूह केन्द्र अस्पताल तथा पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षुओं सहित 200 अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी तथा अन्य कार्मिकों द्वारा मानवता के लिए रक्तदान किया गया। जिससे की जरूरत पड़ने पर आपातकालीन स्थिति में ब्लडबैंक के माध्यम से बल के सदस्य तथा कैम्प के बाहर अन्य जरूरतमंद को ब्लड दिया जा सके। सीआरपीएफ रेसिंग डे के पावन अवसर पर सामाजिक संस्था 'एक नया सवेरा' द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में देशभक्ति और मानवता की अनमोल मिसाल देखने को मिली। इस विशेष दिन पर सीआरपीएफ के वीर जवानों ने न सिर्फ़ बंदूक से देश की रक्षा का संकल्प दोहराया, बल्कि अपनी रगों का लहू देकर ज़िंदगी बचाने का वादा भी निभाया। इस अवसर पर मनोज कुमार, कमाण्डेन्ट, डॉ अशलेशा कोहद, अध्यक्ष पायल लाठ, सचिव चंचल सलूजा,प्रसांत सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष रोनित अग्रवाल सहित अधिकारी, जवान एवं महिला उपस्थित थे।



हरिभूमि के हरियाली अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम मंगलवार को कोनी थाना परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह सहित स्टॉफ ने पौधा लगाकर इसकी सुरक्षा करने का भी सकंल्प लिया।





# पौधरोपण कर पुलिस ने सुरक्षा के साथ लिया हरियाली का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी श्री सिंह ने कहा कि हरियाली तभी संभव है,जब इसकी सुरक्षा भी अच्छे से हो सके। पौधों को बड़े होने तक निरंतर देख-रेख कर हर-भरा रखने से ही हरियाली सदैव रहती है। इन्होंने कहा की हरिभूमि पत्रकारिता के साथ समाजिक सरोकर में भी अग्रणी रहता है,ऐसे आयोजन कर पर्यावरण सरंक्षण पर कार्य करता है। यही वजह है की शहर में शुध्द हवा लोगों तक ऐसी ही मुहिम के लगातार चलने से संभव हो पाती है।

कोनी थाना परिसर में बेल,नीम समेत अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए गए।उन्होंने कहा की इस मुहिम से हरियाली की सौगात के साथ लोगों को स्वच्छ प्राणवायु मिल सकेगी। आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत पौधरोपण और उससे भी ज्यादा जरूरी है अपनी आने वाली पीढ़ी को जिम्मेदार बनाकर प्रकृति के प्रति संवेदशनशील बनाने की है। ऐसे कार्यक्रम से समाज में हरियाली के साथ स्वस्थ्य जीवन और स्वस्थ विचार का आदान- प्रदान होगा, मानवता के हित में पौधरोपण जरूरी है। उन्होंने कहा कि पौधों के बिना धरती का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा, इस वजह से सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करना चाहिए। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषी, शेख असलम, नवीन मिश्रा, उज्जवल तिवारी, सूरज वैष्णव मौजूद थे।

**कोनी थाना परिसर में किया गया पौधरोपण**



### आरक्षक को किया पुरूस्कृत

पौधरोपण के पश्चात एसएसपी ने थाना का निरीक्षण भी किया इस दौरान मालखाना को स्वच्छ व सुंदर रखने पर प्रधान आरक्षक नवीन पटनायक, नारायण, अनुज जांगड़े को एसपी ने पुरूस्कृत किया। एसपी ने थाना परिसर को स्वच्छ रखने पर टीआई की प्रशंसा की।

### पर्यावरण संवर्धन की ओर सार्थक प्रयास

हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने कहा कि पर्यावरण के संवर्धन के लिए हरिभूमि विगत कई वर्षों से निरंतर यह आयोजन कर रहा है। इसका मुख्य उदेश्य लोगों को संदेश देना है,वे शहर की हरियाली को सरंक्षित करने और बढाने में अपनी भी सहभागिता निभाएं।

**ये हैं सहयोगी :** इस वर्ष भी बारिश शुरू होने के साथ ही हरिभूमि पौधरोपण अभियान चला रहा है। हरिभूमि परिवार के पौधरोपण और हरियाली अभियान में सहयोगी डॉ सीवी रमन यूनिवर्सिटी, फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी, मार्क हास्पिटल, ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, पंजाब नेशनल बैंक, क्रेडाई, आधारशिला बिल्डर्स प्रायवेट लिमिटेड, डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर्स भी शामिल हैं।

### जीवन का बहुत बड़ा स्त्रोत

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कहा की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरिभूमि द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से जन-जन तक संदेश है कि अपने आसपास हरियाली रखें। यह जीवन का बहुत बड़ा स्त्रोत है,एक पौधा ना जाने कितने लोगों को जीवन देता है। जहां भी रहे चारों तरफ हरियाली रखे, एक पौधा मां के नाम जरूर लगाएं और उसकी पूरी सेवा भी अवश्य करें।

### पौधरोपण से ही पर्यावरण सुरक्षित

कोनी टीआई राहुल तिवारी ने कहा की पौधरोपण ही पर्यावरण को सरंक्षित करने में अहम कदम है,इस मुहिम में हर किसी को आगे आकर जिम्मेदारी से पौधरोपण अधिक से अधिक करना चाहिए। धरती को हरा भरा करने के लिए हरिभूमि परिवार ने जो पौधरोपण का अभियान शुरू किया है, वह एक पुनीत कार्य है,इसका फायदा भविष्य में सभी को मिल सकेगा।

## हरियर महोत्सव में विनीता बनीं सावन सुंदरी





**बिलासपुर।** शहर में सावन उत्सव की धूम है। हर दिन कई महिला संगठनों द्वारा सावन उत्सव उत्साह से मनाए जा रहे हैं। राठौर समाज की महिलाओं ने हरियर महोत्सव का आयोजन किया। विनीता राठौर सावन सुंदरी चुनी गईं। रंजीता साहू प्रथम व गीता राठौर द्वितीय रनर अप रहीं। गीतू व पद्मा राठौर को सांत्वना पुरस्कार मिला।

छत्तीसगढ़ी गीत, नृत्य प्रतियोगिता में मीनाक्षी, श्वेता, अनिता, दीक्षा ने बेहतर प्रदर्शन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पेड़ लगाओ और बचाओ भी अभियान की शुरुआत की गई। करमा, ददरिया और बस्तरिहा गीत गाए गए। एक मिनट के खेल में पद्मा, लता राठौर, सावन वाले खेल में नंदिनी राठौर, गीता, प्रीति, सोनू राठौर, कुर्सी दौड़ में प्रथम गीता साहू, द्वितीय मीनाक्षी रहीं। अनिता राठौर ने भगवान शिव की आराधना करते एकल नृत्य किया। कार्यक्रम में अंजना उज्जैनी, हेमलता, लोकेश्वरी राठौर, रूपा, गायत्री साहू, सावित्री राठौर, मधु साहू, मंजू राठौर, स्नेहलता, रुक्मिणी, इंदिरा, सोमा, सरोज, पिंकी, मंजू, गीतू राठौर, अंजूला, रानी, सुमन, तुलेश्वरी, मोनिका, उमा राठौर, नंदिनी, कुमारी, गीता साहू उपस्थित थीं।

## श्री वेंकटेश मंदिर में झूला उत्सव प्रारंभ



सदर बाजार स्थित श्री वेंकटेश मंदिर में नागपंचमी से झूला उत्सव प्रारंभ किया गया। इसमें मंगलवार को शाम 6 बजे भगवान को झूले पर बिठाया गया। फिर श्रीरामचरित मानस का गायन किया गया। सवा 7 बजे आरती एवं स्तोत्रपाठ कर रात्रि 8 बजे से सुमधुर भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें एक से बढ़ कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। ज्ञात हो कि नागपंचमी से आरंभ इस झूला उत्सव में हर दिन अलग-अलग झांकी सजा कर विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। झांकियों का पूजन, दर्शन करने श्रद्धालुओं की हर दिन भीड़ रहेगी।

## सनसिटी कालोनी में सावन सुंदरी उत्सव




सनसिटी कालोनी फेश 1,2, एवं 3 की महिलाओं द्वारा सावन महोत्सव मनाया गया। यह कार्यक्रम संतोषी रानी अग्रहरि के निवास स्थान पर आयोजित किया गया, कार्यक्रम के प्रारंभ में शानदार भजन की प्रस्तुति हुई सर्वप्रथम गणेश का भजन संतोषी रानी द्वारा प्रस्तुत किया गया। हौजी विभिन्न खेल प्रतियोगिता हुई सावन आधारित विभिन्न खेल स्पर्धाओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संतोषी रानी, शालिनी तिवारी,आरती दीक्षित, वैष्णवी, मिताली, दीप्ति, निशा, सारिका, रुही, शैलजा, प्रभा, करुणा, श्रद्धा, अनामिका सहित 26 महिलाओं ने हिस्सा लिया। सभी महिलाओं ने अपने अपने घरों से सुंदर पकवान बनाकर लाए,सावन सुंदरी प्रभा स्वर्णकार बनी कार्यक्रम के शानदार आयोजन के लिए सभी ने आभार प्रकट किया गया।

## आदर्श महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव



चांटीडीह रपटा चौक निवासी आदर्श महिला मंडल की महिलाओं ने हरेली तीज सावन उत्सव में हरे रंग के परिधान में शामिल हुई। सभी महिलाओं को तिलक लगाकर अभिवादन किया गया। फिर सभी ने झूले का आनंद लिया। सावन गीत गाए गए। क्विज प्रतियोगिता में रामायण पर आधारित प्रश्न पूछे गए। कार्यक्रम में आदर्श महिला मंडल की ललिता देवांगन, मीना, अंजू देवागन, पलक कछवाहा, ऊषा, रोशनी, गोल्डी, अंजलि कश्यप, अनिता, सुनीता, अनुराधा पटेल, प्रीति, छोटी प्रजापति, पुष्पा साहू, रमापति, अनुराधा, माही कश्यप, काव्या देवांगन उपस्थित रही।

## दीवार पर नागदेवता का श्रीविग्रह बनाकर की पूजा



जूना बिलासपुर बनियापारा में नागपंचमी पर घरों में दीवार पर नागदेवता का श्रीविग्रह बना कर पूजा-अर्चना की गई। साथ ही उसकी कथा का श्रवण किया गया। पंडितजी ने नागपंचमी की कथा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नागपंचमी की पौराणिक कथा अनुसार अर्जुन के पौत्र और राजा परीक्षित के पुत्र जन्मजेय ने नागों से बदला लेने और उनके वंश विनाश के लिए एक यज्ञ किया। वह नागों से अपने पिता राजा परीक्षित की मृत्यु तक्षक नामक सांप के काटने की वजह होने का बदला लेना चाहता था। नागपंचमी से जुड़ी एक पौराणिक कथा अनुसार समुद्र मंथन के समय नागों ने अपनी माता की बात नहीं मानी थी। जिससे क्रोधित होकर उन्होंने अपने ही पुत्रों को जन्मेजय के यज्ञ में भस्म होने का श्राप दे दिया था। नाग पंचमी पूजा के अवसर पर दीपमालिका, सुजाता, बिंदुवाला, मिथलेश, रमेश, धीरेंद्र, विश्वनाथ, विनोद गुप्ता उपस्थित रहे।

**विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व**

## रेलवे की खिलाड़ी सना का भारतीय बॉक्सिंग टीम में चयन

स्पोर्ट्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल में कार्यरत महिला बॉक्सिंग खिलाड़ी सना माचू, जो वर्तमान में सीसीटीसी के पद पर पदस्थ हैं, का चयन भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम में हुआ है। यह टीम 4 से 14 सितंबर तक लिवरपूल इंग्लैंड में आयोजित होने वाली विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। सना माचू ने अपने कठिन परिश्रम,और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की है। उनकी इस सफलता ने न केवल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का नाम रोशन किया है, बल्कि सभी महिला कर्मचारियों और युवा खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत भी बनी हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में खेल और खिलाड़ियों को सदैव तरजीह दी जाती है। रेलवे द्वारा खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है, जिससे वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सहित वरिष्ठ अधिकारियों एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## आराध्या ने 15 वीं राज्य स्तरीय सबजूनियर तैराकी प्रतियोगिता में जीता रजत





आराध्या साव ने राज्य स्तरीय सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में जिला तैराकी संघ की ओर से भिलाई आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर आपने अपने ग्रुप में 3 गोल्ड और 4 रजत पदक जीत कर चैंपियनशिप में परचम लहराया है। राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता बैंगलोर में 4 से 5 अगस्त को आयोजित होगी, इस सफलता पर इनके कोच राजेश साहू और देवेंद्र सिंह ठाकुर और यश तिवारी ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की। इसके पूर्व भी यह राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रही है। यह डॉ मनीष साव और दिलेश्वरी साव की पुत्री है।



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।

लाइफ Style

# भूमि

## हर किसी की होती है अपनी पसंद

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।



हॉलीवुड मसाला



# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतारः द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।



# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मावर्ल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें

**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिलटर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

टीवी मसाला



# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।



# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।

**रे स्टीवेंसन - आरआरआर :** साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती :** फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।

**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क :** अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।



**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन :** अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉर्ड्स जीतकर बनी कल्ट

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

## 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



## फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉर्ड्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी :*** बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!

***नई दिल्ली।*** *अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रहीं चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*

### फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकती: सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

### धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।




**नई फिल्म यानी नया जोखिम :** अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'

### सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहीं: अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'

### *अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन*

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

## खबर संक्षेप

### विभिन्न मांगों को लेकर बसपा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**करगी रोड कोटा।** युक्तियुक्तकरण में कोटा विधानसभा की 84 स्कूलों को बंद किए जाने के निर्णय को राज्य सरकार द्वारा त्वरित रूप से वापस लेने, शासकीय महाविद्यालयों में एमएससी, केमिस्ट्री फिजिक्स, जूलॉजी बॉटनी के स्नातकोत्तर विषयों पर क्लासेस शुरू करने, जर्जर सड़कों की मरम्मत, कोटा सीएचसी सहित पीएचसी अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने एवं विशेषज्ञ डाक्टर्स व मेडिकल स्टाफ की अस्पताल में ज्यादा संख्या में तैनाती सहित अन्य मेडिकल सुविधाएं बढ़ाने को लेकर बहुजन समाज पार्टी की कोटा इकाई ने राज्यपाल के नाम कोटा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बहुजन समाज पार्टी कोटा इकाई के युवा नेताओं सहित युवा कार्यकर्ता भारी संख्या में हाथों में झंडे-बैनर लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे।

### भाजपा जिला ग्रामीण संगठन में बेलतरा के कार्यकर्ताओं को स्थान



**लगरा।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेषाध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन प्रदेष महामंत्री पवन साय व बिलासपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल के अनुमोदन पर जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें इसमें बेलतरा विधानसभा के कार्यकर्ताओं जगह मिली। इस क्रम में उपाध्यक्ष अवधेष अग्रवाल, शैल भोई, महामंत्री जनक देवांगन, मंत्री निखिल केशरवानी, प्रणव षर्मा, कुंती मेहर, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रहरि को बनाया गया है। इस अवसर पर नव नियुक्त पदाधिकारियों को विधानसभा के कार्यकर्ताओं व शुभचिंतको ने बधाई दी।

### तरकीडीह में जपं अध्यक्ष ने किया गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक का वितरण



**पथरिया।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तरकीडीह में कक्षा 6वीं से लेकर 8वीं तक के बच्चों को जपं अध्यक्ष चित्ररेखा मनीष जांगडे ने गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक का वितरण किया। इस मौके पर श्रीमती जांगड़े ने कहा कि सभी बच्चे अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई करें। शासन की ओर से शिक्षा को बढ़ावा देने के विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।उन्होंने बच्चों को सतत विद्यालय आने तथा मेहनत करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के संस्था प्रमुख सतीराम सिंगरौल, शिक्षक लता सिंह एवं संकुल प्राचार्य जितेन्द्र गरेवाल उपस्थित रहे। उक्त जानकारी संकुल केन्द्र तरकीडीह के संकुल समन्वयक मोहन कश्यप ने दी।

### डिवाइडर से टकराकर राखड़ से भरा ट्रेलर पलटा, दबकर 3 मवेशियों की मौत



**बिलासपुर।** बीती रात रतनपुर रोड में तेज रफ्तार राखड़ से भरा ट्रेलर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। जिससे ट्राली के नीचे दबकर तीन मवेशियों की मौत हो गई। बीच सड़क में हादसा होने से ट्रैफिकजाम हो गया। वाहनों की कतार लग गई। 3 मशक्कत के बाद राखड़ खालीकर ट्रेलर को हटाया गया। उसके बाद आवागमन सामान्य हो पाई है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, सोमवार की रात करीब 12 बजे एक ट्रेलर का ड्राइवर व हेल्पर राखड़ नेशनल हाइवे से जा रहे थे। बेलपारा के पास ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए डिवाइडर को टक्कर मार दिया। जिससे ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रेलर के ट्राली के नीचे दबकर तीन मवेशी की मौत हो गई है। बीच सड़क में ट्रेलर पलटने से एक साइड ट्रैफिकजाम हो गया। देखते ही देखते वाहनों की कतार लग गई।

## निधन

### अमित शर्मा



**बिलासपुर।** लोधीपारा सरकंडा निवासी अमित शर्मा का 29 जुलाई को निधन हो गया। वे 38 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तधाम सरकंडा में किया गया। वे सुरेन्द्र शर्मा के पुत्र एवं पंकज व सुधीर शर्मा के भाई थे।

### सीता साहू



**बिलासपुर।** बंधवापारा गीता पब्लिक स्कूल के पास रहने वाली सीता साहू का निधन हो गया। वे 52 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 29 जुलाई को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे नारायण साहू की पत्नी थीं।

### राजेन्द यादव



**बिलासपुर।** मंगला अभिषेक विहार फेस 2 में रहने वाले राजेन्द्र यादव का 63 साल की आयु में 29 जुलाई को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मंगला स्थित मुक्तिधाम में किया गया है। वे संतोष ,सनत यादव के बड़े भाई व मनीष,महेन्द्र ,सुरेन्द्र के पिता थे।

### प्रायंशु कांगो



**मोपका।** ग्राम लगरा के प्रतिष्ठित नागरिक अधिवक्ता शत्रुहन कांगो के सुपुत्र प्रायंशु कांगो का 20 वर्ष की आयु में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 26 जुलाई को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे, जिनका उपचार रायपुर में चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार आज 30 जुलाई को गृहग्राम लगरा में किया जाएगा।

## सड़कों की बदहाली से परेशान हो रहे लोग

# सड़क बनी फिसल पट्टी, छात्रों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



ब्लाक के अंतिम छोर में बसे ग्राम लगरा मुख्य पहुंच मार्ग से होकर लगभग 250 विद्यर्थी एवं 10 हायर सेकंडरी स्कूल के लिए आना-जाना करते हैं। लोकिन निर्माणाधीन जर्जर मिट्टीयुक्त यह सड़क विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सड़क पर चलने के दौरान कीचड़ में फिसल कर बच्चे गिर जाते हैं, जिससे उनका यूनिफार्म खराब हो जाता है।

कई बार तो बच्च चोटिल होकर घायल भी हो जाते हैं। इस समस्या को लेकर स्कूली विद्यर्थियों ने प्रसाशन से सड़क मरम्मत की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम लगरा से स्कूल पहुंच मार्ग का 10 मई से निर्माण प्रारम्भ हुआ था। विद्यर्थियों ने बताया की अर्थवर्क में मिट्टी डालकर 3 से 4 सौ मीटर में लाल गिट्टी डाल दी गई है। ऐसे में मिट्टीयुक्त सड़क पर प्रतिदिन आवगमन विद्यर्थियों को पैदल आवगमन करना पड़ता है। इससे उनको भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। विद्यर्थियों ने प्रसासन से गुहार लगाई है कि इस पर जल्द ही एक्शन लेकर मार्ग दुरुस्त किया जाए। जनपद पंचायत निर्माण समिति सभापति कंतनी मदन चन्द्राकर ने कहा कि सड़क की समस्या से ठेकेदार को अवगत कराया जा चुका है, जिला प्रसाशन को अवगत कराकर जल्द ही सड़क की मरम्मत कराने एवं बच्चों के चलने लायक बनाने की मांग करेंगे।

**प्रयास करेंगे**

सम्बंधित विभाग के अधिकारी को तलब कर मार्ग दुरुस्त कराने का प्रयास किया जाएगा।

-अजीत पुजारी, एसडीएम

## निकासी नही होने के कारण हुआ जल भराव



**दगोरी।** रेलवे फाटक से लेकर महामाया मंदिर पिछले एक सप्ताह से तक लगभग एक फीट तक पानी भरा हुआ है। कुछ दिनों पूर्व ग्राम के जनप्रतिनधियों तथा प्रभावित ग्रामीणों ने इस ओर रेलवे प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था, इसके बावजूद अभी तक पर्याप्त निकासी की व्यवस्था नहीं की गई है। प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में इस तरह से जलभराव होने से तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों तथा ग्रामवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादा दिनों तक निकासी व्यवस्था नहीं होगी तो वर्षाजनित रोग, उल्टी-दस्त, पीलिया, एलर्जी इत्यादि होने की संभावना बनी रहेगी। समस्त ग्रामवासियों ने जिम्मेदार लोगों से अतिशीघ्र इस समस्या का निदान करने मांग की है।

## जिपं सदस्य ने सड़कों की बदहाली को लेकर खोला मोर्चा



**सीपत।** बरसात ने क्षेत्र की सड़कों की हालत बद से बदतर कर दी है, जगह-जगह उभरे गड्ढे अब जानलेवा बन चुके हैं, न वाहन सुरक्षित चल पा रहे, न ही पैदल चलना संभव रहा। इसी गंभीर समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने जनहित में मोर्चा खोल दिया। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए प्रमुख सड़कों की त्वरित मरम्मत की मांग की है। श्री धीवर ने सीपत से झलमला मार्ग, झलमला से बरेली मटियारी मार्ग, सीपत से नरगोड़ा-आवास-पोड़ी मार्ग, खम्हरिया से सोठी-नवापारा-जेवरा मार्ग, बिटकुला से हरदुली-निरतू मार्ग की मरम्मत की मांग की है। राजेंद्र धीवर ने कहा कि इन सड़कों की हालत इतनी दयनीय है कि अब गाड़ियां तो दूर, लोग पैदल चलने से भी कतराते हैं। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और मरीजों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर को इस बात से भी अवगत कराया कि इन जर्जर मार्गों की वजह से क्षेत्र के विकास पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग करते हुए कहा कि यह सिर्फ विकास का मुद्दा नहीं, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा से जुड़ा सवाल है।



# गनियारी को किया जाएगा विकसितः धर्मजीत सिंह

**सकरी।** समीपस्थ ग्राम गनियारी में विधायक धर्मजीत सिंह ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ विकास की रूप रेखा पर चर्चा की गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गनियारी में विकास की असीम संभावनाएं हैं, और इसके विकास को लेकर हमारा संकल्पबद्ध प्रयास जारी है।

स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर हमारी सरकार गंभीर है, इसीलिए हमने मातृ शक्ति को सुविधा प्रदान करने हमने गनियारी में महतारी सदन की स्वीकृति कराई है, ताकि हमारी माताएं बहनों को आपसी चर्चा-परिचर्चा, किसी कार्य विशेष के लिए जगह की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने गनियारी स्थित जन स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज कराने पहुंचने वाले मरीज के परिजनों के रुकने की समस्या को लेकर चर्चा करते हुए उनके ठहरने के लिए 50 लाख की लागत का करुणा भवन का निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजने की घोषणा की, जिसमें शौचालय, खाना बनाने के लिए किचन की व्यवस्था रहेगी। इसी तरह गनियारी मुख्य मार्ग पर अंधेरे की समस्या को संज्ञान में लेकर चकराकुण्ड मोड़ से जन स्वास्थ्य केन्द्र तक लाइट लगवाने की बात कही। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने गनियारी में एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की घोषणा की। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को लेकर विधायक गंभीर हैं, और उन पर स्वयं संज्ञान लेकर तत्परता से उपलब्ध कराने के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। कार्यक्रम को जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, सभापति भारती माली व निलय तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य सावित्री बलराम श्रीवास, गनियारी सरपंच नागेश्वर वर्मा, भाजपा नेता बिहारी सिंह टोडर, अश्विनी यादव, गनियारी उपसरपंच नवीन गुप्ता, बसंत यादव जी, मेलाराम वर्मा, मनोहर वर्मा, भाड़म सरपंच प्रतिनिधि राहुल सोनवानी, भुण्डा सरपंच प्रतिनिधि रोहित साहू, बेलटुकरी सरपंच लक्ष्मण वर्मा, खरगहना सरपंच संतोष मेहर, घुटकू सरपंच तिलक वर्मा आदि शामिल थे।

■ विधायक ने गनियारी को दी महतारी सदन की सौगात

## जेएमपी कॉलेज में पौधरोपण



**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में एनससी, एनएसएस के छात्रों के साथ तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने पौधरोपण किया। इस मौके पर प्राचार्य विनोद कुमार दुबे, जनभागीदारी अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नेता संतोष कौशिक, अमित मंदानी, नैनलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, बंसी पांडे, अश्वनी शर्मा,सरपंच राधिका कौशिक, कैलाश देवांगन, किशन सचदेव, सुरेश देवांगन, दिनेश राजपूत, सूरज रजक, मलय जहानी, चिंटू ठाकुर, राहुल ठाकुर, पुष्पराज ठाकुर, करण पाली, चमन शुक्ला, राजीव शर्मा, अजीत नेताम, मीना शर्मा, डॉ एसके पांडे, डॉ सीमा मनीष नाथ, डॉ डीपी चंद्रवंशी, डॉ अग्रहरि राजीव, उपाध्याय गोपाल ठाकुर एवं महाविद्यालय के अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। विधायक धर्मजीत ने कहा कि जब हम सांस लेते हैं, तो हमें सांस छोड़नी भी पड़ती है। यह प्रकृति का स्वाभाविक नियम है, जब हम कुछ लेते हैं, तो हमें कुछ देना भी पड़ता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' की शुरुआत की है। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने महाविद्यालय के वनस्पति उद्यान का औपचारिक उद्घाटन करते हुए चंदन का पौधा लगाया। विधायक धर्मजीत सिंह ने कॉलेज से जुड़ी समस्याओं की जानकारी लेते हुए स्टेडियम, ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, खेल के मैदान का निरीक्षण किया और कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक कार्य करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने प्राणीशास्त्र विषय मे एमएससी व सोलर पैनल को स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया।

## अग्रवाल महिला मंडल ने आयोजित किया सावन तीज मिलन समारोह



**तखतपुर।** अग्रवाल महिला मंडल तखतपुर के द्वारा सावन तीज मिलन समारोह का आयोजन जनकपुर में किया गया। यह हरियाली तीज प्रतिवर्ष सावन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है एवं इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती का पूजा-अर्चना करते हुए अखंड सुहाग की कामना करती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं ने झूले का आनंद लिया, साथ ही विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें केशसज्जा, महेंदी लगाओ, महेंदी, नेल पॉलिस, कुर्सी दौड़, बिंदी लगाओ आदि प्रतियोगिताएं शामिल थीं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्रप्त करने वालों पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर लवली अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, चंद्रिका अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, हिमानी अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# डिप्टी सीएम साव की अनुशंसा पर 2 करोड़ के निर्माण कार्य स्वीकृत



**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अनुशंसा पर 29 जुलाई को छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से जिले से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर जिले में तटबंध निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, स्टॉपडेम निर्माण एवं राहत शिविर भवन निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। सूची में मुख्य रूप से ग्राम लपटी के कर्रा नाले में पुलिया निर्माण कार्य के लिए 10 लाख, साल्हेघोरी में स्टॉप डेम निर्माण कार्य के लिए 10 लाख, परसवारा के बैगापारा वार्ड 12 में पुलिया निर्माण के लिए 15 लाख, गोड़खाम्ही के रहननाला में गोडखाम्ही से घोरबंधा बगीचा के पास पुलिया निर्माण के लिए 19 लाख, बोड़तरा में मोहपाठ नाला में रिटर्निंग वाल निर्माण कार्य के लिए 15 लाख, कारीडोंगरी में मनोज सिद्धाराम पटेल के घर के पास पुलिया निर्माण के लिए 7 लाख, सूखाताल में महेन्द्र ओगरे और आनंद बंजारे के घर के पास पुलिया निर्माण के लिए 19 लाख, जोतपुर में नाला पर पुलिया निर्माण के लिए 7 लाख, छिरहुट्टी के रहननाला में पिचिंग कार्य के लिए 10 लाख, धोबपट्टी में कोतरी नाला में पिचिंग कार्य के लिए 9 लाख, नवागांव वेंकट नदी में चेक डेम निर्माण के लिए 20 लाख, चंदली रहन नदी घुमरघाट के पास रिटर्निंग वाल सह पिचिंग कार्य के लिए 20 लाख, गातापार में पुलिया निर्माण के लिए 12 लाख, हरदी में परमेश्वर यादव के घर के पास पुलिया निर्माण के लिए 5 लाख, डोंगरिया नदी में गायघाट के पास पिचिंग एवं पचरी निर्माण के लिए 10 लाख, सिंघनपुरी से नवागांव ठेलका रोड नाले पर पुलिया निर्माण के लिए 12 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई।

## नकली खाद्य सामाग्रियों पर औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाई



**मुंगेली।** जिले में आगामी त्यौहारों के दौरान खाद्य सामाग्रियों में मिलावट एवं नकली खाद्य सामाग्रियों के विक्रय पर रोक लगाने के लिये खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 16 पान एवं किराना दुकानों में कार्रवाई की गई, इनमें 12 दुकानों में 1 हजार 400 रूपए का चालान किया गया और 4 दुकानों को चेतावनी देकर छोड़ा गया।

अभियान के दौरान खाद्य सामाग्री की गुणवत्ता जांच हेतु 500 ग्राम लड्डू, 250 ग्राम मिल्क केक, 500 ग्राम लूज मोतीचूर लड्डू 600 ग्राम पैक्ड स्पेशल स्वीट्स का नमूना लेकर उन्हें जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। कार्रवाई के दौरान खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांची गई एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत आवश्यक निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत बघेल अपनी टीम के साथ निरीक्षण करते रहे। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के औषधि निरीक्षक महेन्द्र देवांगन ने बताया कि जिला मुख्यालय में बीआरसाव स्कूल के समीप स्थित 16 पान एवं किराना दुकानों में कार्रवाई की गई, इनमें 12 दुकानों में 1 हजार 400 रूपए का चालान किया गया और 4 दुकानों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। इसी तरह औषधि निरीक्षक किरण सिंह की टीम द्वारा पथरिया विकासखण्ड के ग्राम सिलदहा में स्कूल के समीप स्थित दुकानों में कोटपा एक्ट की धारा 4 एवं 6 के तहत कुल 6 दुकानों में कार्रवाई कर 500 रूपए का चालान किया गया।

# पति, पत्नी और पुत्र के कुएं के मलबे में दबने की आशंका, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**कोरबा।** एक गांव में सुबह आज उस समय हड़कंप मच गया जब एक ही परिवार के माता पिता व पुत्र एक साथ लापता हो गए। जब परिजन ने उनकी खोजबीन की तो घर के ठीक पीछे स्थित कुएं के पास चप्पल मिली और कुआं पूरी तरह से धंस चुका था जिससे परिजनों ने आशंका जताई कि तीनों लोग कुएं के मलबे में दब चुके हैं। जैसे ही प्रशासन व पुलिस को इसकी सूचना मिली टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरु किया गया।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र के जटगा चौकी अंतर्गत आने वाले धनवार गांव में यह घटना हुई। बताया जाता है कि गर्मी के सीजन में छेदूराम श्रीवास 65 वर्ष के परिवार ने अपनी जरूरत के लिए कुंआ खुदवाया था।



इसकी गहरायी करीब 40 फीट है। अब तक की स्थिति में कुआं कच्चा ही था। सोमवार की रात सभी लोग खाना खाकर अपने अपने कमरे में सो गए थे। मंगलवार की सुबह परिजनों की नींद खुली तो छेदूराम श्रीवास पिता अलखराम श्रीवास, उसकी पत्नी कंचन बाई श्रीवास उम्र 53 वर्ष व उसका छोटा पुत्र गोविंद श्रीवास 30 वर्ष घर पर नहीं थे। जब परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरु की तो उनका कुछ पता नहीं चला और जब घर के पीछे स्थित बाड़ी में जाकर उन्होंने देखा तो नवनिर्मित कुआं धंस गया था और कुएं के नजदीक इस परिवार के 3 सदस्यों की चप्पल मिली है। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। एक ही परिवार के तीन लोगों के लापता होने की सूचना पर कटघोरा थाना प्रभारी धरमनारायण तिवारी दल बल सहित मौके पर पहुंचे और तीनों लोगों के कुएं के मलबे में दबे होने की आशंका के आधार पर जेसीबी सहित अन्य वाहन लगाकर मलबे को बाहर निकालने का काम किया जा रहा है लेकिन देर शाम तक तीनों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

# जर्जर भवनों में स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावास संचालित नहीं करने के निर्देश



**गौरेला।** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने स्थायी एजेंडा के बिंदुओं पर प्रगति और जनशिकायतों एवं जनसमस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की।

उन्होंने जिले में लगातार हो रही बारिश को ध्यान में रखते हुए जर्जर भवनों में स्कूल, आंगनबाड़ी एवं छात्रावास संचालित नहीं करने तथा इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को जर्जर शाला भवनों की जानकारी जिला पंचायत सीईओ को उपलब्ध कराने तथा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को मैदानी भ्रमण के दौरान जर्जर स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावास सहित अन्य शासकीय भवनों को डिसमेंटल कराने के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे स्कूल, जहां परिसर में जलभराव की स्थिति निर्मित होती है, वहां जल निकासी की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने 107 न्यायालयीन प्रकरण लंबित होने पर संबंधित विभागों को समय-सीमा के भीतर जवाब-दावा प्रस्तुत कर प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए जनशिकायतों के प्रकरणों पर त्वरित एवं सुव्यवस्थित रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने अधोसंरचना निर्माण कार्यों के उपयोग में लए जाने वाले मटेरियल्स की गुणवत्ता जांच के लिए लैब के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने तीनों जनपद सीईओ के साथ ही जिला पंचायत एवं स्वास्थ्य विभाग में संविदा के विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती की कार्रवाई शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सभी पेंशनों का भुगतान डीबीटी के माध्यम से करने केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करने, वन अधिकार पत्र में जिले का नाम परिवर्तन एवं अभिलेख शुद्धता के लिए ग्राम पंचायत से प्रस्ताव लेकर कार्रवाई करने, पूर्ण हो चुके पीएम आवासों को जीओ टैगिंग, अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने और अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराने तथा पीएम आवास स्वीकृत हितग्राही की मृत्यु की स्थिति में उनके नॉमिनी के नाम पर आवास करने के निर्देश दिए। पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान संपर्क सड़क के लिए प्राप्त नए प्रस्ताव को मूल कार्य योजना के प्रस्ताव में शामिल करने तथा मोबाइल मेडिकल यूनिट, विद्युतिकरण एवं मोबाइल टॉवर की स्थापना आदि के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। समग्र शिक्षा के तहत स्वीकृत कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति के साथ राशि भी जारी करने कहा गया।

**न्यायालय श्रीमान कनिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)**

श्रीमति रजनी तिवारी व अन्य 02...वादीगण

बनाम

आमजन व अन्य 01... प्रतिवादी गण

व्यव. वाद क्रमांक 27/अ/2025
पंजीयन दिनाँक 17/07/2025
प्रो. क्र.-416/25

वादी गणों ने आम जनता ग्राम लगरा तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) के विरुद्ध व्यवहार वाद सिविल मृत्यु की घोषणा के संबंध में एक वाद अंतर्गत धारा 34 विर्निदिष्ट राहत अधिनियम 1963 के तहत प्रस्तुत किया गया है, जिसका व्यवहार वाद क्रमांक 27/अ/2025 पक्षकार श्रीमति रजनी तिवारी, अनिल तिवारी, योगराज तिवारी विरूद्ध आम जनता दर्ज किया गया है जिसकी अगली सुनवाई/ पेशी दिनाँक 21/08/2025 को नियत है। आम जनता को इस समाचार पत्र के द्वारा सूचना किया जा रहा है इस प्रकरण/ मामले में दिनांक 21/08/2025 को दिन के प्रातः 11.00 बजे न्यायालय व्यवहार न्यायालय लोरमी/ सिविल कोर्ट लोरमी में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा-आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण/ मामले की कार्यवाही में भाग लेंवे अन्यथा आम जनता के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 21/08/2025 को न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी लोरमी में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण/ मामले की सुनवाई अगले कार्यदिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनाँक 24/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा लगाकर उपस्थिति हेतु सूचना जारी किया गया।

स्थान- लोरमी
24/07/2025

देवेन्द्र कुमार दीक्षित
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)

**आम - सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अनिल कुमार घोरे उम्र 50 वर्ष पिता स्व. गोपाल कृष्ण घोरे निवासी-मेन रोड, दयालबंद बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी रामभुवन साहू उम्र 54 वर्ष पिता नंदराम साहू निवासी-वार्ड नंबर 03, प्रेम नगर कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो मौजा बहतराई प.ह.नं. 48, रा.नि.मं. मोपका बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित खसरा नंबर 331/15, रकबा 1500 वर्गफीट को क्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर एडवांस राशि प्रदान कर दिया गया है, जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना है, अतः उक्त भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या अन्य को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावें, बाद की आपत्ति विधिमान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय पंजीयन करा दिया जावेगा।

सो आम सूचना जानें।

(संतोष वस्त्रकार) अधिवक्ता/ नोटरी
पुराना पॉवर हाऊस,
डॉ.बैनर्जी क्लीनिक के पास, तोरवा,
बिलासपुर मो.नं.9302518147
अनिल कुमार घोरे, मो.नं.9827195670

## खबर संक्षेप



### शनिचरी-गोल बाजार में अतिक्रमण 32 लोगों पर सवा लाख जुर्माना

**बिलासपुर।** सड़क एवं फूटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने आज बड़ा अभियान चलाया। शनिचरी और गोलबाजार एरिया में ऐसे 32 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 लाख 25 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया और सामानों की जब्ती की गई। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर जोन क्रमांक 5 के शनिचरी बाजार और गोलबाजार एरिया में नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियाना चलाया। दुकान के बाहर फूटपाथ और सड़क पर सामान, बोर्ड रखने वाले दुकानदारों के सामान को जब्त किया गया और 32 लोगों के खिलाफ 1 लाख 25 हजार का जुर्माना भी ठोंका गया। इसके अलावा शनिचरी बाजार में गोविंद गुप्ता द्वारा अपने दुकान में बिना अनुमति के सामने की ओर अवैध निर्माण किया गया था, जिसे आज तोड़ दिया गया है। इस अभियान में जोन 5 के जोन कमिश्नर अनुभव सिंह,जोन एवं अतिक्रमण की टीम शामिल रहे।

### किस्त पटाने के विवाद में बुजूर्ग से मारपीट

**बिलासपुर।** किस्त पटाने के विवाद में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने बुजूर्ग के साथ मारपीट कर नुकीली वस्तू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, देवरीखुर्द निवासी रिटायर्ड कर्मचारी वासुकीनाथ सिंह 28 जुलाइर को दोपहर 3.30 बजे अपने घर में थे। इसी दौरान अवंती बैंक विक्टर फाईनेंसर के कर्मचारी भारती नामदेव, रवि प्रसाद कश्यप उनके घर आकर किस्त क्यो नहीं पटाए हो बोले। उन्होने शाम 7.30 बजे घर आकर किस्त की राशि ले जाने की बात कहीं। इस पर भारती ने हमेशा ऐस ही करते हो हंगामा मचाने लगी। उनकी पत्नी सुनीता ने हंगामा मचाने से मना की। गुस्से में आकर भारती नामदेव ने दोनों के साथ गाली गलौज कर नुकीली वस्तू से हमला कर दी। जिससे श्री सिंह के गले, छाती, बाए हाथ की कलाई में चोट आई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर भारती नामदेव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 118, 1, 296 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




### सट्टा खिलाते पकड़ा गया सटोरिया

**बिलासपुर।** मुंगेलीनाका में सट्टा खिला रहे सटोरिया को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया गया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली मुंगेलीनाका में एक युवक के द्वारा सट्टा खिलाया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर सट्टा खिलाते तिफरा निवासी शैलेष कुमार कश्यप पिता रामशरण कश्यप 49 साल को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### शिक्षिका पत्नी को प्रताड़ित कर मारपीट

**बिलासपुर।** शादी के बाद प्रताड़ित कर जबरिया बच्चे को रखकर शिक्षिका पत्नी से मारपीट करने वाले शिक्षक पति के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। महिला थाना से मिली जानकारी के अनुसार, रतनपुर गांधीनगर में रहने वाली शिक्षिका ने आरोप लगाई है। उनकी शादी 11 मई 2014 को चांटापारा निवासी शिक्षक योगेश भोसले पिता स्व. मानिकराव से हुई थी। उनका एक बेटा एश्वर्य भोसले है। शादी के कुछ माह बाद उनका पति घर में हुई आत्महत्या की मौतों के वजह, चरित्रशंका करते शारारिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। उन्होने आरोप लगाया है, उनका पति घर बनवाने के लिए उनके नाम से लोन लेकर 20 लाख रुपए अपने निजी कार्य में खर्च कर दिया। बेटे को अपने साथ ले जाकर अपने माता पिता के पास रख देते थे। वह बच्चे से मिलने जाती तो मिलने नहीं देते थे और मारपीट किया जाता था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 3, 85 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**हरिभूमि की खबर पर लिया संज्ञान** — सेंदरी स्कूल में बालक हुआ था घायल, कोर्ट ने पूछा इसे हटाने क्या किया जा रहा

# स्कूलों से गुजरे बिजली के हाईटेंशन तार से खतरा, हाईकोर्ट ने शिक्षा सचिव से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंदरी स्थित स्वामी आत्मानंद प्राथमिक स्कूल में करंट फैल रहा है। इसकी चपेट में बच्चे आ रहे हैं। चौथी क्लास के एक बच्चे निलेश पटेल को निजी अस्पताल में भर्ती भी कराया गया है। बच्चों ने बताया कि इस तरह दीवारों में करंट लगातार फैल रहा है जिससे की क्लास अटेंड करने में खतरा भी है।

बताया जा रहा है कि लगातार हो रही बारिश के कारण करंट पूरी दीवार में फैल गया। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक इसकी जानकारी शिक्षा विभाग को दे दी गई है। हरिभूमि ने इस खबर को प्रकाशित किया था। हाईकोर्ट ने इसे संज्ञान में लेते हुए शिक्षा सचिव से जवाब मांगा है। इसके साथ ही प्रतिवेदन मांगा गया है कितने स्कूलों में इस तरह की हाइटेंशन तार गुजरी है और इसे हटाने के लिए क्या किया जा रहा है।ध्यान रहे कि बारिश के सीजन में करंट जल्दी फैलने की आशंकाओं के बीच शहर व अंचल में कई सरकारी स्कूलों में बच्चे खतरे के बीच पढ़ाई कर रहे हैं। इन स्कूल भवनों के ऊपर से हाई टेंशन लाइन निकली है, वैसे तो यह लाइन स्कूलों की स्थापना के समय से ही है लेकिन कुछ जगह पेड़ों की पत्तियां, डालें लाइन से छूने लगी हैं ऐसे में करंट फैलने की आशंका बनी हुई है। इसको लेकर न तो शिक्षा विभाग गंभीर नजर आ रहा है न ही अपने मेंटनेंस के तहत बिजली कंपनी को यह नजर आ रहा है।




शिक्षा विभाग गंभीर नहीं — सेंदरी आत्मानंद स्कूल का चौथी कक्षा का छात्र आया चपेट में
सुरक्षित नहीं हैं कई स्कूल, करंट के खतरे के बीच हो रही पढ़ाई

### हाईकोर्ट ने पहले भी दिए हैं मामले में निर्देश

गौरतलब है कि करंट की वजह से तुर्काडीह सरकारी स्कूल के 139 बच्चों पर मंडरा रहे खतरे के मामले में हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान लिया था। नोटिस के बाद स्कूल शिक्षा की ओर से कहा गया कि स्कूल से गुजर रहे अवैध कनेक्शन के तारों को हटा दिया गया है। दरअसल करंट और जर्जर छत से बच्चों को खतरा होने की खबर पर चीफ जस्टिस ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की थी। कोर्ट ने इस बात पर चिंता जताई कि पूरा स्कूल भवन अवैध बिजली कनेक्शन के तारों से घिरा हुआ है। इससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। शिक्षा विभाग और बिजली विभाग को शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। भवन जर्जर हो चुका है और इससे सटा हुआ ही ट्रांसफार्मर लगा है, जहां से अधिकांश ग्रामीणों ने अवैध कनेक्शन लिया, जिसकी वजह से स्कूल में करंट आता है।

### स्कूल परिसर में खुले पड़े हैं डिब्बे

शहर व अंचल में कई स्कूल भवन ऐसे भी हैं जिनके परिसर में या फिर आसपास ट्रांसफार्मर के डिब्बे खुले पड़े हैं। कुछ जगह ये डिब्बे व्यवस्थित रूप से बंद नहीं हैं जिससे भी करंट का खतरा बना रहता है। रोजाना इसी स्थिति में बच्चे पढ़ाई करते हैं और खेल-कूद में व्यस्त रहते हैं। लेकिन स्कूल प्रांगण के बीचोंबीच लगे ट्रांसफॉर्मर कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्कूलों के शिक्षक और प्रबंधन ने कई बार विद्युत विभाग को आवेदन देकर ट्रांसफॉर्मर को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह विभागीय लापरवाही न सिर्फ बच्चों की सुरक्षा को चुनौती दे रही है, बल्कि किसी अनहोनी की आशंका को भी लगातार बढ़ा रही है। हालांकि कुछ स्कूलों में प्रबंधन द्वारा इन डिब्बों के आसपास जाने से बच्चों को रोकने के लिए आवश्यक कदम भी उठाए गए हैं।

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 तत्काल प्रभावशील**

**हादसे के लिए मवेशी मालिक होंगे जिम्मेदार**

# सड़क पर पशुओं को खुला छोड़ा तो मालिकों को होगी कड़ी सजा


मोपका रोड पर सड़क पर मवेशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपने पालतू पशुओं को सड़क पर छोड़ने वाले पशु मालिकों पर कार्यवाही की गाज गिर सकती है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 प्रभावशील कर दी गई है। इसके तहत कोई भी मालिक अपने पशुओं को खुले में नहीं छोड़ सकेगा।

अधिनियम का उल्लंघन करने पर न केवल उन्हें कठोर सजा या जुर्माना से दण्डित किया जाएगा, बल्कि पशु क्रूरता अधिनियम के तहत भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुले में सड़क पर छोड़ देने की आदत अब महंगी पड़ सकती है। मुख्य मार्गो में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में एक प्रमुख कारण स्थानीय पशु मालिकों द्वारा लापरवाही व गैर जिम्मेदारीपूर्वक पशुओं को सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र रूप से छोड़ देना भी है। आवारा पशुओं के कारण न केवल आवागमन बाधित होता है अपितु जनहानि, पशुहानि एवं मालहानि जैसी गंभीर घटनाएं भी घटित हो रहीं हैं। आवारा पशुओं के मार्गो में एकत्रित होने से अत्यावश्यक सेवा एवं आपातकालीन सेवा देने वाले वाहनों का आवागमन भी गंभीर रूप से प्रभावित होता है। यदि इन आवारा पशुओं के मालिकों द्वारा इन पशुओं को सड़क अथवा सार्वजनिक स्थलों में न छोड़कर उचित प्रबंधन एवं रख रखाव किया जाता है तो होने वाली मानव जीवन की क्षति, पशु क्षति, संपत्ति की क्षति तथा कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने से बचा जा सकता है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि उपरोक्तानुसार पशुओं के मार्गो में एकत्रित होने से घटित गंभीर सड़क दुर्घटना को हाईकोर्ट द्वारा भी संज्ञान में लेते हुए राज्य शासन से जवाब चाहा गया है। इस प्रकार सड़क पर एकत्रित आवारा पशु न केवल आमजन के आवागमन में बाधक या सड़क दुर्घटना का कारण है, बल्कि ये अपितु प्रशासनिक समस्या भी बन चुके हैं। इसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार इन आवारा पशुओं के लापरवाह व गैर जिम्मेदार पशु मालिक हैं। पशु मालिकों का इस प्रकार गैर जिम्मेदाराना एवं लापरवाहीपूर्वक आचरण भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 291 के अंतर्गत तथा पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के अध्याय 3 धारा 11(1) के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में भी आता है। ऐसी स्थिति में पशु मालिकों को अपने मवेशियों को अपने घरों में बांधकर रखना होगा। अन्यथा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 291 के अंतर्गत सजा एवं जुर्माना से दण्डित किया जावेगा साथ ही पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के अध्याय 3 धारा 11 (1) तथा अन्य सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जावेगी।

■ कलेक्टर के निर्देश पर सभी एसडीएम ने जारी किए आदेश

### नेशनल हाईवे को मवेशी मुक्त करने अब गौठानों का सहारा

नेशनल हाईवे को मवेशी मुक्त करने के लिए सरकार अब गौठानों का सहारा लेगी। ऐसे गौठान जो मुख्य मार्गो से लगे हैं, या कम दूरी पर स्थित हैं वहां मवेशियों को रखने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। शासन ने वेटनरी विभाग से नेशनल हाईवे से लगे गौठानों एवं वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी मांगी है। वेटनरी विभाग द्वारा सभी ब्लॉक के 11 गौठानों का चयन किया गया है।

नेशनल हाईवे पर बड़ी संख्या में झुंड बनाकर बैठे मवेशी आवागमन में लगातार बाधक बन रहे हैं। मवेशियों के चलते न केवल वाहन चालकों को दुर्घटनाग्रस्त होना पड़ रहा है, बल्कि सोमवार को अलग-अलग मामलों में 20 से भी अधिक मवेशियों की भी सड़क हादसों में मौत हो गई। शासन द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए मवेशियों की पूर्व में बनाए गए गौठानों में शिफ्टिंग की योजना बनाई जा रही है। मवेशियों को रखने के लिए ऐसे गौठानों का चयन किया गया है, जो नेशनल हाईवे से लगे हों या कुछ ही दूरी पर स्थित हों। वेटनरी विभाग ने जिले के विभिन्न नेशनल हाईवे में स्थित 11 गौठानों की जानकारी शासन को भेजी है। शासन से स्वीकृति मिलते ही वहां मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराते हुए मवेशियों की शिफ्टिंग प्रारंभ कर दी जाएगी।

**सैकड़ों करोड़ फूंके, उन्हीं कार्यों के लिए फिर राशि की जरूरत**

जिन गौठानों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, वहां व्यवस्था के नाम पर करोड़ों रूपए खर्च किए गए थे। इसके विपरीत आज की स्थिति में वहां मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। वेटनरी विभाग द्वारा शासन को भेजी गई जानकारी के अनुसार कहीं पशु शेड नहीं है, तो कहीं फैंसिंग ही नहीं है। प्रत्येक गौठानों में पानी की व्यवस्था के लिए दो से तीन बोर कराए गए थे, लेकिन आज की स्थिति में ज्यादातर गौठानों में बोर खराब या अनुपलब्ध बताए जा रहे हैं।

**इन गौठानों में रखने का प्रस्ताव**

जिले में मवेशियों से सबसे ज्यादा परेशानी शायद बिलासपुर-रायपुर हाईवे में है। यही कारण है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 के लिए सर्वाधिक छह गौठानों का चयन किया गया है। एनएच-130 के लिए धौराभाठा, रहंगी, मोहतराई, रानीगांव, जाली, बेलतरा एवं काठाकोनी स्थित गौठानों का चयन किया गया है। इसी तरह नेशनल हाईवे क्रमांक 49 के लिए हरदीकला, लिमतरा, लावर, पाराघाट का चयन किया गया है।

मुख्य मार्गों पर मवेशियों की लगातार बढ़ती संख्या एवं दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए हाईवे से लगे गौठानों में मवेशियों को रखने पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में जिले के विभिन्न नेशनल हाईवे से लगे 11 गौठानों की जानकारी शासन को भेजी गई है।

-जीएस तंवर, संयुक्त संचालक वेटनरी


स्पा सेंटर में रिकार्ड जांच करती पुलिस।

### चार स्पा सेंटरों में पुलिस का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत पर पुलिस टीम के द्वारा सरकण्डा तारबाहर क्षेत्र में संचालित चार स्पा सेंटरों में दबिश दी। जांच में संदिग्ध गतिविधियां नहीं पाई गई है। सेंटरों में दूसरे राज्यों से आकर काम करने वाली युवतियों से पूछताछ कर उनका मुसाफरी दर्ज किया गया है।

एसएसपी रजनेश सिंह को शिकायत मिली सरकण्डा व तारबाहर क्षेत्र में संचालित स्पा सेंटरों में संदिग्ध गतिविधियां चल रही है। उन्होंने सरकण्डा सीएसपी सिद्धार्थ बघेल, सिविल सीएसपी निमितेश सिंह, हेड क्वाटर डीएसपी रश्मित कौर चावला के नेतृत्व टीम बनाकर तारबहार द एलीमेंट स्पा बांसीवाल बिल्डिंग, ओप मैग्नेटो मॉल, सनराइज स्पा व्यापार विहार, खुशी स्पा नारायण प्लाजा एवं थाना सरकंडा स्थित इवा स्पा में चेकिंग किया गया। जिससे स्पा सेंटरों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने स्पा सेंटरों के सभी कमरों की जांच की। किन्तु कोई भी संदिग्ध गतिविधियां नहीं पाई है। सभी स्पा सेंटरों ने दूसरे राज्य सिक्किम, छत्तीसगढ़ के अलग अलग जिलों से आकर काम करने वाली युवतियों से पूछताछ कर मुशाफरी दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों के द्वारा स्पा सेंटर के संचालकों ने संदिग्ध गतिविधियों में शामिल नहीं होने की चेतावनी दी गई है।

■ बाहर से आकर काम करने वाली लड़कियों से की गई पूछताछ

### अवैध गिट्टी परिवहन मामले में तीन हाइवा जब्त

**बिलासपुर।** खनिज विभाग द्वारा अवैध तरीके से गिट्टी का परिवहन कर रहे तीन हाईवा वाहनों की जब्ती की गई है। जब्त किए गए दो वाहनों में चांपा से एवं एक वाहन में मस्तूरी से गिट्टी का परिवहन किया जा रहा था।

खनिज विभाग द्वारा चकरभाठा, रहँगी, सिरगिट्टी एवं मस्तूरी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान चांपा से बिना वैध अभिवहन पास के परिवहन कर रहे 02 हाइवा वाहन एवं मस्तूरी से खनिज गिट्टी का बिना वैध अभिवहन पास के परिवहन करते पाये गए 01 हाइवा वाहन को जब्त कर खनिज चौकी लावर एवं पुलिस थाना चकरभाठा की अभिरक्षा मे रखा गया है। इस संबंध में उप संचालक माईनिंग किशोर कुमार गोलघाटे ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर किसी भी सूरत में ढील नहीं दी जाएगी। खनिज विभाग द्वारा इस तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

■ चांपा व मस्तूरी से किया जा रहा था परिवहन

### घूमने निकली मां-बेटी को कार सवार युवकों ने गाली गलौज कर की रोकने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात कार से घूमने निकली मां बेटी के साथ साइड मांगने को लेकर कार सवार मनचले युवकों ने अश्लील गाली गलौज कर कार रोकने की कोशिश की गई। पुलिस ने कार सवार युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली मां बेटी कर क्रमांक सीजी 04 एलएस, 9131 में सोमवार की रात घूमने निकले थे। कार उनकी बेटी चला रही थी। रात 10.50 बजे मंगला चौक से भ्रमण कर नेहरू चौक की ओर आ रहे थे। उसी समय कार क्रमांक सीजी 10 बीयू, 7498 में सवार युवकों के द्वारा साइड मांगा गया। उनकी बेटी ने साइड दी तो युवक आगे जाकर कार का वींडो खोलकर अश्लील इशारा करने लगे। गाड़ी धीरे चलाते हुए अश्लील गाली गलौज करने लगे और उनकी कार को रोकने की कोशिश की गई। किसी तरह मां बेटी कार सवार युवकों से पीछा छुड़ाकर सिविल लाइन थाने गई। महिला ने रिपोर्ट लिखाते हुए युवकों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की गई, ताकि लड़कियां सेफ रह सके। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर कार सवार युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। बहरहाल पुलिस कार सवार मनचले युवकों को नहीं पकड़ पाई है।

### एनएसयूआई के प्रदेश सचिव और सरपंच उपसरपंच के बीच मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** ग्राम सभा के दौरान एनएसयूआई प्रदेश सचिव व सरपंच उपसरपंच के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्ष ने एक दूसरे के साथ गाली गलौज कर जमकर मारपीट की गई। दोनों पक्ष रिपोर्ट लिखाने थाने गए। थाने के बाद दोनों गुट आपस में भीड़ गए और एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, सोमवार को ग्राम मोहतरा में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें मोहतरा निवासी एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजेश सिंह को सभा का अध्यक्ष चुना गया था। रंजेश सिंह ने सभा में गांव के विकास के लिए खरीददारी, अनियमित्ता की बात रखी और आईटीआई भी लगाते रहते है। इसी बात को लेकर उनका उप सरपंच इंद्रजीत सिंह से विवाद हो गया। दोनों ने में जमकर मारपीट हुई। रंजेश की रिपोर्ट पर उप सरपंच एवं अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष से महिला ने सरपंच ने रिपोर्ट लिखाई रंजेश सिंह एवं उसके साथियों ने उनके साथ जातिगत गलौज करते हुए मारपीट की है।

**थाने के बाहर दोनों पक्ष के बीच बवाल**

विवाद के बाद रंजेश सिंह अपने साथियों के साथ रिपोर्ट लिखाने थाने आ गया। कुछ देर बात उप सरपंच गांव वालों के साथ थाने पहुंचा। थाने के बाहर दोनों पक्ष आमने सामने हो गए और उसी बात को लेकर दोनों पक्ष फिर से भीड़ गए और एक दूसरे के साथ दौड़ाकर मारपीट करने लगे। जिससे थाने में हड़कंप मच गया। आनन फानन में दूसरे थाने से पुलिस बल मंगाया गया। उसके बाद पुलिसकर्मियों के द्वारा दोनों पक्ष को पकड़कर विवाद शांत कराया गया है। थाने के बाहर मारपीट होने से बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी हुई थी।

### तीर्थ यात्रा कराने के नाम 1 लाख 90 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** तीर्थ यात्रा के नाम पर 1 लाख 90 हजार की ठगी करने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, भेड़ीमुड़ा पठानपारा निवासी मोहम्मद अशरफ खान ने रिपोर्ट लिखाई। उनके परिवार के चार लोगों को उमराह मक्का मदीना तीर्थ यात्रा के लिए अल अफ्फान टूर्स के प्रोपाइटर समद पठान व उनकी पत्नी शबनम पठान निवासी गरीब नवाज सार्वजनिक हास्पिट महाराष्ट से उनकी फोन व वाट्सएप से बात हुई। 19 सितंबर 2022 को उमराह भेजने का आश्वासन देकर फोन पे व बैंक एकाउंट में 1 लाख 90 हजार रुपए जमा कराया गया। किन्तु उनके द्वारा फ्लाईट की टिकट नहीं भेजा गया। उन्होने समद पठान को फोन लगाए तो रिसीव नहीं किया। उनकी पत्नी को फोन किए तो फ्लाइट कैंसील होने की बात कहते हए घूमान लगी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पति पत्नी के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# जशपुर की नाबालिग से मारपीट, बंधक बनाने वाले आरक्षक पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जशपुर से नाबालिग को लाकर घर में बंधक बनाकर मारपीट कर काम कराने वाले आरक्षक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

ज्ञात हो कि 20 जुलाई की रात दो नाबालिग लड़की भागकर लालखदान आई और एक मोबाइल दुकान के पास डरी सहमी बैठी हुई थी। आसपास के लोगों ने पूछताछ की दोनों बालिकाओं ने बताया, वे जशपुर की रहने वाली है एक बालिका को तिफरा पुलिस लाइन में रहने वाले आरक्षक सुधीर कुजूर जो सीपत थाने में पदस्थ है। दूसरी बालिका को आरक्षक अरूण लकड़ा जो पुलिस लाइन में पदस्थ है। पढ़ाई कराने की बात कहते हुए अपने घर लेकर आए थे। यहां आने के बाद दोनों से घर में साफ सफाई और बच्चे की देखरेख का काम करते थे। काम में गलती होने पर दोनों के साथ मारपीट किया जाता है। लोगों की सूचना पर तोरवा पुलिस ने दोनों बालिका से पूछताछ करने के बाद सुरक्षार्थ सखी सेंटर में रखवा दिया गया था। श्रम विभाग के द्वारा बयान लेने पर सुधीर कुजूर के घर काम करने वाली बालिका ने बताई उन्हें पढ़ाई कराने के नाम पर लाया गया था। यहां पढ़ाई नहीं कराकर उससे घर में झाडू पोछा, बर्तन साफ, कपड़ा धोने व उनके बच्चे को देखरेख का काम कराई जा रही थी। कुछ भूल जाने पर मारपीट किया जाता था। श्रम विभाग में दिए गए बयान के आधार पर तोरवा पुलिस ने आरक्षक सुधीर कुजूर के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। वहीं अरूण लकड़ा के घर काम करने वाली दूसरी बालिका ने मारपीट प्रताड़ना करने की बात नहीं की है।


जशपुर की बालिकाओं ने पुलिसकर्मियों पर लगाया बंधक बनाकर काम कराने का आरोप
हरिभूमि में प्रकाशित खबर।





